# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025


माओवादी के उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो भारत की कम्युनिस्ट पार्टी प्रभारी रूपेश ने जारी किया पत्र

# शांति वार्ता के लिए अब फड़फड़ा रहे नक्सली, कहा- अनुकूल माहौल बनाना सरकार की जिम्मेदारी, फिर जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

शासन-प्रशासन के स्पष्ट रुख को देखते हुए नक्सली अब शांति वार्ता के लिए फड़फड़ाने लगे हैं। हालत यह है कि नक्सली वार्ता के लिए माहौल बनाने के लिए देश के बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, सामाजिक संगठन व कार्यकर्ताओं, जनपक्षधर पत्रकारों से अपील कर रहे हैं कि शांति वार्ता के लिए अनुकूल माहौल निर्मित करने की हमारी मांग के समर्थन में आगे आवें। इसके तहत एक बार फिर नक्सलियों ने पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा है कि हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए हमें अनुकूल माहौल चाहिए। सरकार ने प्रस्ताव को नकार दिया है, ऐसे में वार्ता करना संभव नहीं है। नक्सलियों ने पर्चा में कहा कि बस्तर में हो रहे हत्याकांड रुकने चाहिए। वार्ता की प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाने के लिए अनुकूल माहौल ▶▶|शेष पेज 7 पर


भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो
प्रेस विज्ञप्ति

## पीएलजीए कतारों से अपील

उत्तर-पश्चिम सब जोन के पार्टी कमेटियों, कमांडों व कामांडरों से मेरा अनुरोध है कि शांति वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनाने के दिशा में हमारे गतिविधिया रहनी चाहिए। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि सरकार अभी तक हमारे मांग को नहीं माने है, इस लिए सभी नियम और सावधानियों का सतर्कता के ▶▶|शेष पेज 7 पर

## कैडर पर गोली मत चलाएं

उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के प्रभारी रूपेश ने पर्चा में कहा कि पुलिस जवानों से हमारी अपील है कि हमारे पार्टी ने पुलिस जवानों को कभी दुश्मन के तौर पर नहीं देखते। इसे लेकर हम बार बार परचा पोस्टरों के जरिए अपील जारी किए थे। हम आपस में लड़ने की स्थिति पैदा किया गया, शांति वार्ता का हमारे यह प्रयास का समर्थन करें, जनता व हमारे कैडर अपने ही लोग है, पर गोली मत चलाएं।

## नक्सलियों ने तेलंगाना-बीजापुर सरहद पर लगाए सैकड़ों बम, ग्रामीणों को पहाड़ों से दूर रहने की हिदायत

फोर्स के साथ जारी संघर्ष के बीच माओवादियों ने जारी किया पर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इस बात को स्वीकार किया है कि तेलगांना-बीजापुर के सरहदी क्षेत्रों में सैकड़ों आईईडी प्लांट किया गया है, इसलिए ग्रामीण पहाड़ियों का रुख न करें, नहीं तो जान जा सकती है। पर्चा जारी कर बताया कि बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कररेगुट्टा पहाड़ियों में सुरक्षा बलों के ऑपरेशनों और हमलों से बचने के लिए तेलगांना-बीजापुर के सरहद मेंसैकड़ों आईईडी बम लगाए रखे हैं। जिससे आम लोगों की जान जा सकती है। इस सबंध में नक्सली नेता शांता ने एक प्रेस नोट जारी किया है, जिसमें उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इन पहाड़ियों की ओर शिकार या अन्य किसी काम से न ▶▶|शेष पेज 7 पर






## हरिभूमि की खबर का असर, भारतमाला पर खुलासे से हड़कंप

# खुलासे के बाद अब 11 जिलों में होगी भारतमाला पर पड़ताल

राजस्व सचिव ने सभी कमिश्नरों को भेजा पत्र

15 दिन में भू अर्जन की रिपोर्ट भेजने के निर्देश


हरिभूमि
मुआवजा डकारने का ऐसा खेल... हाथ से लिखे बी-1 से कर दिए जमीन के टुकड़े
भारतमाला...बड़ा घोटाला, विस में गूंजा
एसडीएम के बाद अब तहसीलदार सस्पेंड
हरिभूमि
खसरे के 12 टुकड़े और बांट दिए 84
...ब की जगह साढ़े सात करोड़ मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

*हरिभूमि ने भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ियों को सिलसिलेवार उजागर किया। अधिसूचना के बाद खरीदी बिक्री से लेकर हाथ से लिखे बी-1 तक तमाम खुलासों ने अफसरों और भूमाफियाओं के बीच हड़कंप मचा दिया। यही वजह है, हरिभूमि की खबर का बड़ा असर सामने आया है। राजस्व सचिव अविनाश चंपावत ने सभी संभागायुक्तों को पत्र जारी कर सभी जिलों से भू अर्जन के संबंध में जानकारी मांगी है। उन्होंने सभी कमिश्नरों को 15 दिन के भीतर 17 बिंदुओं पर भू अर्जन के संबंध में जानकारी विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए* ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 11 जिलों में भारतमाला के तहत काम

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 25 हजार 650 करोड़ की लागत से 886 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। रायपुर के साथ ही जो जिले इन प्रोजेक्ट्स की जद में आते हैं, उनमें धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरबा, रायगढ़, जशपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर और जांजगीर चांपा शामिल है। इन जिलों में भी भू अर्जन में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें राज्य शासन को मिली हैं।

### 17 बिंदुओं के आधार पर मांगी जानकारी

राजस्व सचिव ने संभागायुक्तों को प्रेषित पत्र में 17 बिंदुओं के आधार पर जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। इनमें प्रोजेक्ट के प्रारंभिक अधिसूचना से लेकर अवार्ड पारित होने और भू स्वामी के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी गई है। भूमि पर संपत्ति के विवरण के साथ ही अर्जित भूमि के लिए जमा की गई राशि की भी जानकारी देने कहा गया है। पत्र में खासतौर पर बटांकन, हस्तांतरण जैसे विषयों का डिटेल मांगा गया है।

## हरिभूमि को मिली रिपोर्ट में हर दिन हो रहे चौंकाने वाले खुलासे, जांच के आदेश के बाद भी जारी रहेगा खुलासा

# खरीदी बिक्री के साथ 'दानपत्र' का खेल अधिसूचना के बाद भी दान कर दी जमीन

गौरव शर्मा ▶▶| रायपुर

भारतमाला-4

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर विशाखापट्टनम कॉरीडोर में गड़बड़ी की रिपोर्ट में हर दिन चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। हरिभूमि को मिली रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है कि खरीदी बिक्री के साथ गड़बड़ी में दानपत्र का भी बड़ा खेल हुआ। नायकबांधा गांव में जमीनों के टुकड़े करने के लिए तीन प्रकरणों में पंजीकृत दानपत्रों का उपयोग किया गया। दानपत्रों के आधार पर जमीनों का हस्तांतरण सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए 30 जनवरी 2020 को अधिसूचना का प्रकाशन होने के बाद दानपत्रों के माध्यम से जमीनों का हस्तांतरण किया गया। इसका मकसद जमीनों को छोटा दर्शाकर अधिक मुआवजा अर्जित करना था। खास बात यह भी है कि दानपत्रों से जमीनों के हस्तांतरण का खेल भी अधिसूचना जारी होने के सप्ताहभर के भीतर रचा गया। 30 जनवरी 2020 को अधिसूचना ▶▶|शेष पेज 7 पर

- नायकबांधा के प्रकरण में दान पत्र से जमीनें कर डाली हस्तांतरित
- तहसीलदार ने कूटरचित प्रकरण तैयार कर जमीनों के किए टुकड़े



### भूमिस्वामी को लाभ पहुंचाने किए टुकड़े

भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ी के डिटेल रिपोर्ट में नायकबांधा के संबंध में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि तत्कालीन तहसीलदार ने अधिसूचना के बाद भी बैक डेट में खातों का विभाजन किया। इस प्रक्रिया में भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 और 178(क) के प्रावधानों की अनदेखी की गई। खसरे के बटांकन से भूस्वामियों को लाभ हुआ और ▶▶|शेष पेज 7 पर

### प्रकरण की कोई डिटेल नहीं

जमीनों को बांटकर मुआवजा राशि बढ़ाने के खेल में चुंकि बड़े अफसर भी शामिल थे, इसलिए नियमों की भी परवाह नहीं की गई। नायकबांधा के संबंध में सामने आई जानकारी से भी इसका पता चलता है। दानपत्र और रजिस्ट्री से खातों को बांटने के मामले में न ऑनलाइन पंजीयन दर्ज ▶▶|शेष पेज 7 पर

### एक एक अफसर का कच्चा चिट्ठा

भारतमाला प्रोजेक्ट की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी गई है। मामले की सीबीआई जांच के लिए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी है। आरोप हैं कि कुछ अफसरों और रसूखदारों को बचाने की कोशिश हो रही है, लेकिन हरिभूमि को मिली रिपोर्ट में एक-एक अफसर की संलिप्तता की डिटेल रिपोर्ट है। इनमें कुछ अफसर फिलहाल निलंबित हैं, लेकिन अब वे जांच की आंच में झुलसते नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### त्रुटिपूर्ण प्रश्नों के लिए उम्मीदवार जिम्मेदार नहीं



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि त्रुटिपूर्ण प्रश्नों के लिए उम्मीदवार किसी तरह से जिम्मेदार नहीं हो सकता। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही बोनस अंक देते हुए तीन महीने में नियुक्ति आदेश जारी करने कहा है। याचिका के मुताबिक छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी रायपुर के द्वारा कनिष्ठ अभियंता पद हेतु विभागीय परीक्षा का आयोजन वर्ष 2022 में किया गया था। इसमें कोरबा संभाग के लाइन परिचारक के पद पर पदस्थ दिनेश कुमार चंद्रा द्वारा भी परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हुआ था। परीक्षा में लगभग 9 प्रश्नों के उत्तर के लिए 4 विकल्प दिए गए थे और इसमें त्रुटि थी।

# नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में गृह विभाग के कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये कानून न केवल न्याय प्रणाली में सुधार लाने वाले हैं, बल्कि अपराधियों में भय और आम जनता में विश्वास उत्पन्न करने में सहायक होंगे।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन कानूनों की प्रभावी समझ और व्यावहारिक प्रशिक्षण पुलिस बल, अभियोजन अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन ▶▶|शेष पेज 7 पर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गृह विभाग की ली समीक्षा बैठक



### मुख्यमंत्री साय ने कहा हाईटेक हो इंवेस्टिगेशन अफसर

मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि विवेचना अधिकारियों को आधुनिक अनुसंधान तकनीकों, डिजिटल फॉरेंसिक, सीसीटीएनएस प्रणाली और वैज्ञानिक उपकरणों के उपयोग में दक्ष किया जाए। पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए अनुसंधान प्रक्रिया में पारदर्शिता, तत्परता और तकनीकी दक्षता अनिवार्य है। मुख्यमंत्री श्री साय ने साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौती को देखते हुए साइबर सेल को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने तथा जनता को साइबर जागरूकता से जोड़ने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

## राम दरबार छह जून से श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा



**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर में अगले महीने राम दरबार स्थापित किया जाएगा जिसे श्रद्धालुओं के लिए छह जून से खोला जाएगा। हालांकि यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह जैसा नहीं होगा। मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख नृपेंद्र मिश्र ने यह जानकारी दी है।

## ईओडब्लू और एसीबी में होंगे अब महानिदेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो और एंटी करप्शन ब्यूरो में अब महानिदेशक स्तर के अधिकारी विभाग के प्रमुख होंगे। इसे लेकर राज्य सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसके बाद यह माना जा रहा है कि जल्द ही एजेंसी में फेरबदल होगा। वर्तमान में ईओडब्ल्यू और एसीबी चीफ के तौर पर आईपीएस अमरेश मिश्रा पदस्थ हैं। श्री मिश्रा वर्तमान में आईजी के पद पर हैं। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने के बाद अब कभी भी ईओडब्ल्यू और एसीबी में फेरबदल देखने को मिल सकता है। सरकार द्वारा मूलभूत नियम भाग 1 में संशोधन करते हुए ▶▶|शेष पेज 7 पर






आरबीआई का ऐलान

## दूसरी बार घटाया रेपो दर गृह-वाहन कर्ज होंगे सस्ते



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर व्याप्त चिंता के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। केंद्रीय बैंक ने अपने रुख को 'तटस्थ' से 'उदार' करते हुए आने वाले समय में ब्याज दर में एक और कटौती का संकेत दिया। इस कदम से आवास, ऑटो और कॉर्पोरेट ऋण लेने वालों को राहत मिली। भारतीय रिजर्व बैंक के इस कदम से आवास, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते हो जाने की उम्मीद है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### यूपीआई की सीमा बढ़ाई

*आरबीआई ने अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम को 'ग्राहकों से दुकानदारों' को यूपीआई के माध्यम से लेनदेन की सीमा में संशोधन की अनुमति देने का निर्णय किया है। हालांकि, एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के बीच यूपीआई के जरिए लेनदेन की सीमा पहले की तरह एक लाख ही रहेगी। वर्तमान में ग्राहकों से दुकानदारों को पूंजी बाजार, बीमा, जैसे मामलों में प्रति लेनदेन दो लाख रुपए, जबकि कर भुगतान, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पताल, आईपीओ के लिए भुगतान सीमा पांच लाख रुपये है।*





# रिहायशी इलाके में घुसा भालू, मची अफरा तफरी

## बंशीताल गांव से निकलकर पेंड्रा मरवाही सड़क पर दौड़ा

**हरिभूमि न्यूज/भर्रीडांड।** मरवाही क्षेत्र के दानीकुंडी गांव में भालू घुसने से रिहायशी इलाके में अफरा तफरी मच गई। भालू बंशीताल गांव से निकलकर पेंड्रा मरवाही सड़क पर पहुंच गया, जहां लोग अपने घरों के सामने साफ सफाई कर रहे थे व कुछ लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जब अचानक उनके सामने भालू पहुंचा तो सभी हड़बड़ा कर इधर उधर भागने लगे। लोगों की आवाज सुनकर भालू भी जंगल की ओर भागने का रास्ता ढूंढने लगा। किसी तरह भालू सड़क किनारे बने दीवार पर चढ़कर जंगल की ओर कूद गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।








### पानी व खाने की तलाश में पहुंच रहे

तेज गर्मी के बाद जंगलों से वन्य जीव पानी और भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच रहे हैं। वन्य जीवों का भोजन चार चिरौंजी, महुआ, तेंदू, जैसे वनोपज ग्रामीण तोड़कर ले आते हैं। मरवाही वनमंडल पूरे छत्तीसगढ़ में भालू लैंड के नाम से विख्यात है। पूरे एशिया में सफेद भालू मरवाही वनमंडल मे पाया जाता है।

### हमले व विचरण हो रहा उग्र

भालुओं की सुरक्षा संवर्धन के लिए सरकार द्वारा करोड़ों की रुपए की योजना बनाकर सुरक्षा का दावा किया जाता है, इसके बावजूद मरवाही वन मंडल के रिहायशी इलाकों में भालू के हमले और विचरण उग्र हो गए हैं। मरवाही वन मंडल क्षेत्र के दानीकुंडी गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बड़ा भालू लाके में घुस आया।



## खबर संक्षेप

### तहसीलदार कोरबा को पुलिस ने लिया हिरासत में

**कोरबा।** जिले के राजस्व अमले में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कोरबा तहसील के तहसीलदार सत्यपाल राय को चिरमिरी जिले के पुलिस ने उनके दफ्तर से हिरासत में लेकर अपने साथ चिरमिरी ले गई है। खबर फैलते ही तहसील परिसर में ही तमाम तरह की चर्चा सरगर्म हो गई। कोरबा तहसील में पदस्थ तहसीलदार सत्यपाल राय पिछले वर्ष कोरबा तहसील में तहसीलदार के पद पर पदस्थ हुए थे। इसके पूर्व वह करतला तहसील के तहसीलदार के पद पर पदस्थ थे। बुधवार को चिरमिरी जिले की पुलिस जब कोरबा तहसील पहुंची तब तक किसी को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी लेकिन जैसे ही पुलिस ने तहसीलदार सत्यपाल राय को अपने साथ ले गई। पहले तो लोगों को यह लगा कि किसी प्रशासनिक काम से तहसीलदार पुलिस के साथ गए होंगे लेकिन जैसे ही यह जानकारी सामने आई कि पुलिस ने तहसीलदार को सिविल लाइन थाना ले गई है।वहां से उन्हें अपनी कस्टडी में लेकर चिरमिरी रवाना हुई है।

### पदाधिकारियों से कहा-सरकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं

# भाजपा की मैराथन बैठकें, व्यवहार, जनाधार और सरकार के कार्यों पर हुआ दिनभर मंथन

**भाजपा प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को मैराथन बैठकें हुईं। बैठक में नव निर्वाचित और नव नियुक्त पदाधिकारियों से कहा गया कि पार्टी का जनाधार बनाने का काम करें। साथ ही जनता के साथ अपने व्यवहार को ठीक रखने की नसीहत दी गई। राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की मौजूदगी में अलग-अलग चार सत्रों में हुई बैठकों के जरिए नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही संगठन पदाधिकारियों के साथ हुई आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बैठकों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार को खत्म कर सुशासन लाने पर जोर दिया है। सरकार राज्य में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। पीएम मोदी के वादों को छत्तीसगढ़ की जनता के लिए पूरा करने का प्रयास किए हैं। चाहे प्रधानमंत्री आवास की बात हो, धान खरीदने की बात हो या फिर महतारी वंदन योजना हो। सुशासन देंगे, भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।

खास खबर

### नवनिर्वाचित और नियुक्त पदाधिकारियों को दिए निर्देश

उनसे कहा गया कि जनप्रतिनिधि अपना व्यवहार लोगों के साथ बेहतर रखें। बीजेपी का जनाधार बढ़ाने की दिशा में लगातार काम करें। सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। पार्टी नेताओं के साथ सामंजस्य बनाए रखें। भाजपा संगठन के कामकाज में कोताही न बरतें। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, महामंत्री संगठन पवन साय उपस्थित रहे। बैठक के पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।




**आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा:** तीसरी बैठक भाजपा के सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों की हुई। इसमें पार्टी की आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। अंतिम बैठक नगरीय निकायों के महापौर-सभापतियों, अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के साथ ही जिला पंचायतों के अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के साथ हुई। बैठक में भी सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्तियों तक कैसे पहुंचे, इस संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। बैठक को लेकर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, सभी आगामी कार्यक्रमों की दृष्टि से महामंत्रियों की बैठक हुई। नव नियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ बैठक हुई। निचले स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने पर चर्चा हुई।

### गांव चलो अभियान की मिली जिम्मेदारी

सबसे पहले बीजेपी के प्रदेश महामंत्रियों के साथ बैठक हुई। बैठक में गांव चलो अभियान के तहत मंत्री, सांसद, विधायक कौन से गांव जाएंगे यह तय किया गया। मंत्री और सांसद प्रदेशभर में अभियान का औचक निरीक्षण करेंगे। यह सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का प्रयास है। 11 अप्रैल तक भाजपा पदाधिकारी जनता के बीच जाएंगे और उनकी समस्याओं का निवारण करेंगे। बैठक के दौरान वन नेशन वन इलेक्शन पर भी चर्चा हुई। पार्टी इसे मुहिम के रूप में चलाएगी और जनता को यह बताएगी कि वन नेशन वन इलेक्शन से चुनावों के वक्त कई लाख करोड़ों रुपए बचाए जा सकते हैं।

### शादी का कार्ड बांट कर घर लौट रहे थे

# वाहनों में भिड़त से बाइक सवार दो भाइयों की मौत




**अम्बिकापुर।** शादी का निमंत्रण पत्र बांट कर घर लौट रहे बाइक सवार को ग्राम करकली के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सामरी थाना अंतर्गत ग्राम कुटकू निवासी संदीप नगेसिया पिता मनोज राम नगेसिया (28 वर्ष) मंगलवार को कुसमी क्षेत्र के ग्राम पाढ़ी रिश्तेदार के यहां शादी कार्ड बांटने फुफेरा भाई दीपू नगेसिया के साथ बाइक से गए थे। शाम को दोनों घर लौटने लगे और जैसे ही कुसमी मुख्य मार्ग ग्राम करकली के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दीपू को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। संदीप को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।




रायपुर
गुरुवार 10 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 262
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 39.0
न्यून. 26.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




# बच्ची की मां ने कहा-देवर नहीं कर सकता ऐसी हरकत, एसपी बोले- पुलिस के पास सारे सबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दो दिन पहले 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अनाचार कर उसकी हत्या करने के मामले में रोज नई कहानी सामने आ रही है। पुलिस ने बच्ची के चाचा को आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया और रिमांड पर जेल भेज दिया है। मासूम की मां ने इस घटना के बाद कहा है कि उनका देवर ऐसी हरकत नहीं कर सकता है।

पुलिस उसे जबरन फंसा रही है। मां के मुताबिक मासूम का सारा लालन पालन उसके चाचा ने किया, वह ऐसी हरकत के बारे में सोच ही नहीं सकता। मां का आरोप है कि जिसकी कार में बेटी का शव मिला है, उसी ने घटना को अंजाम दिया है, पुलिस को उसे पकड़ना चाहिए। चाचा मासूम के साथ घटना नहीं कर सकता है। परिजनों का पूरा संदेह कार मालिक पर है। कार से बच्ची का शव मिलने के बाद से ही संदेह और बढ़ गया। परिजनों ने पुलिस पर उसे बचाने का आरोप भी लगाया है। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने स्पष्ट किया कि पुलिस के पास आरोपी के सारे साक्ष्य है। उसी आधार पर ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। कार दो दिन से घटनास्थल पर खड़ी थी। कार मालिक के पिछले दिनों का ट्रैक रिकार्ड है। उसका साला बादल है, जो कहां था, इसकी भी जानकारी ली जानी चाहिए। किसी को खुश करने को नहीं बच्ची के न्याय के लिए काम करना चाहिए।

गौरतलब है कि ओम नगर उरला में मासूम बच्ची के साथ अनाचार कर गला दबाकर हत्या का मामला सामने आया था। इस घटना से बाद से पूरे प्रदेश यादव समाज और कांग्रेस आंदोलन कर रही है। आरोपी को फांसी दो की मांग उठ रही है।

## ओम नगर उरला रेप और हत्याकांड : परिजनों ने की सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि फॉलोअप

### नारको टेस्ट से हो सकता है खुलासा

विवाद के हालात को देखते हुए पुलिस आरोपी का नारको टेस्ट करवा सकती है। इससे सच सामने आ जाएगा। आरोपी और मृतक एक ही परिवार के हैं, यानी पीड़ित और प्रताड़ित पक्ष एक है और उन्होंने इस पर संदेह खड़ा किया है, इसलिए नारको टेस्ट को जरूरी माना जा रहा है।


मासूम से हुई दरिंदगी पर उबला शहर
अधिवक्ताओं ने कहा, नहीं लड़ेंगे केस



### बच्ची को न्याय दिलाने सुप्रीम कोर्ट के वकील करेंगे पैरवी

मासूम के साथ हुए वारदात और हत्या के मामले में कठोर सजा दिलाने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन दिल्ली पहुंची। विधायक रिकेश सेन की अपील के बाद दुर्ग जिला बार एसोसिएशन ने आरोपी की ओर से मुकदमें की पैरवी करने से इंकार कर दिया है। दुर्ग जिला की ये घटना मानवता को शर्मसार किया है। आरोपी को कड़ी सजा की मांग को लेकर लोग लामबंद है। दिल्ली से लौटे विधायक सेन ने बताया कि बच्ची को न्याय दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के पांच वकील का पैनल तैयार किया। साथ ही अधिवक्ता राजकुमार तिवारी आरोपी को सजा दिलाने निःशुल्क सेवा देंगे। वहीं सुप्रीम कोर्ट के वकीलों का फीस जनसहयोग से होगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रूस के विजय दिवस परेड में शामिल होंगे पीएम

**मॉस्को।** रूस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में



जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उप विदेश मंत्री आंद्रे रुदेंको ने यह जानकारी दी। रूस को प्रधानमंत्री मोदी के नौ मई की परेड के लिए आने की उम्मीद है।

### नौसेना के लिए 26 राफेल-एम जेट की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने फ्रांस से करीब 64,000 करोड़ रुपए की लागत से नौसेना के लिए 26



राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी। इस खरीद परियोजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) ने मंजूरी दे दी है।

### राम रहीम को 21 दिन की 'फरलो'

**चंडीगढ़।** जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और बलात्कार के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह को 21



दिन की 'फरलो' दी गई है। सिंह बुधवार की सुबह हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल से बाहर आया। डेरा प्रमुख के एक वकील ने कहा कि उसे 21 दिन की फरलो मिली है। जेल से बाहर आने के बाद वह सिरसा में स्थित डेरा के मुख्यालय पहुंचा।

### आईआरसीटीसी का अब 'पूर्वोत्तर की खोज' टूर

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के स्थलों की दो सफल यात्राओं के आयोजन के बाद आईआरसीटीसी 22 अप्रैल से 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' के जरिए पूर्वोत्तर की खोज यात्रा शुरू करेगा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के दो बड़े ऐलान, चीन पर लगाया 125 फीसदी टैक्स

# बाजार में तबाही के बाद 'ट्रंप टैरिफ' पर 90 दिन का ब्रेक, चीन पर तगड़ा प्रहार

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन/बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को छोड़कर ज्यादातर देशों पर टैरिफ लगाने में 90 दिनों के विराम की घोषणा की। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह बाजार में मंदी के बीच 90 दिनों के लिए अधिकांश देशों के टैरिफ को वापस ले रहे हैं, लेकिन चीन के टैरिफ को बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने चीन की ओर से 84 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद उस पर लगाए जाने वाले टैरिफ को 104 फीसदी से बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया।

■ भारत समेत 75 देशों को टैरिफ से 90 दिन की राहत

ट्रंप ने कहा, चीन ने दुनिया के बाजारों के प्रति सम्मान नहीं दिखाया है। इसके मद्देनजर मैं अमेरिका की ओर से चीन पर लगाए गए टैरिफ को 125 फीसदी तक बढ़ा रहा हूं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उम्मीद है कि चीन भविष्य में इस बात को समझेगा कि अब वह अमेरिका और अन्य देशों से धोखाधड़ी नहीं कर सकता। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, 75 से अधिक देशों ने अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधियों, वाणिज्य विभाग, ट्रेजरी विभाग से व्यापार, टैरिफ, मुद्रा हेरफेर और दूसरे व्यापार से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के लिए कहा है।

*अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध लगातार गहराता जा रहा है। चीन ने अमेरिका पर 84 फीसदी का जवाबी टैरिफ लगाया था, जिसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से चीन के खिलाफ टैरिफ को बढ़ा दिया है। ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ को बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया है। वहीं, 75 देशों को 90 दिनों तक टैरिफ में राहत देने का भी ऐलान किया है।*

### चीन आज से लागू करेगा टैरिफ

चीन के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार से सभी अमेरिकी वस्तुओं पर ये टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो पहले घोषित 34 फीसदी के टैरिफ से 50 फीसदी ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा कि ये नए शुल्क 10 अप्रैल से लागू होंगे। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मंगलवार को चीनी वस्तुओं पर 104 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद उठाया गया है। चीन ने ट्रम्प के 104 फीसदी टैरिफ लागू होने के बाद अमेरिका पर 'अहंकारी और धमकाने वाला व्यवहार' करने का आरोप लगाया था।



### 34 से 104 फीसदी पर वार-पलटवार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले 2 अप्रैल को कथित मुक्ति दिवस के दिन भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की थी। इसके तहत चीन पर 34 फीसदी का अतिरिक्त टैक्स लगाया गया था। इस पर पलटवार करते हुए चीन ने भी अमेरिकी सामानों के आयात पर 34 फीसदी का टैक्स लगा दिया था। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर 50 फीसदी यानी कुल मिलाकर 104 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया।

### अमेरिकी बाजार में उछाल

ट्रंप की ओर से ज्यादातर देशों पर टैरिफ में 90 दिनों के विराम की घोषणा के अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल नजर आया। दोपहर तक के कारोबार में डाउ जोंस में 2151 से अधिक अंकों की उछाल आ गई। यह करीब 5.7 फीसदी है। वहीं, नैस्डैक में 1290 अंकों यानी 8.36 फीसदी और एसएंडपी 500 में 340 अंकों या 6.90 फीसदी से ज्यादा की उछाल दर्ज की गई।

### ट्रंप का दावा- समझौते को तैयार वैश्विक नेता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दुनिया भर के नेता अमेरिका के साथ समझौता करने को बेताब हैं। शुल्क घोषणा पर समझौता करने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। ट्रंप ने नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेस कमेटी के रात्रिभोज में कहा, मैं आपको बता रहा हूं, ये देश हमसे संपर्क कर रहे हैं। मेरे आगे नाक रगड़ रहे हैं। वे कह रहे हैं, 'कृपया, कृपया सर, हमसे समझौता कर लें, मैं इसके लिए कुछ भी करूंगा सर। ट्रंप द्वारा घोषित कई नए शुल्क बुधवार सुबह से प्रभावी हो गए।

### यूरोपीय संघ ने भी की टैरिफ लगाने की घोषणा

यूरोपीय संघ ने भी 23 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने ट्रंप की ओर से संघ पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ के जवाब में अमेरिकी आयात पर भारी-भरकम शुल्क लगाने के पक्ष में मतदान किया।

# 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा से खुलेंगे बड़े राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुंबई 26/11 आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया है। एनआईए और रॉ की एक जॉइंट टीम राणा को लेकर विशेष विमान से अमेरिका से रवाना हुई। एनआईए अगले कुछ हफ्तों तक उसे अपनी कस्टडी में रखेगी। राणा के प्रत्यर्पण से 26/11 के हमलों के पीछे पाकिस्तानी सरकारी तत्वों की भूमिका को उजागर करने में मदद मिलेगी। तहव्वुर राणा (64) पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है, जिसे 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों से संबंधित आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था।

■ दिल्ली-मुंबई की जेलों में तैयारियां तेज, पाकिस्तान की भूमिका होगी उजागर

### केंद्रीय गृह मंत्रालय की बैठक

केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी आतंकी तहव्वुर राणा को लेकर बड़ी बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल मौजूद रहे। माना जा रहा है कि तहव्वुर राणा अपने आगामी मुकदमे में 26/11 हमलों में पाकिस्तान का हाथ होने के बारे में कुछ अह सबूत भी लेकर आएगा। कई रिपोर्टों में सूत्रों के हवाले से बताया गया, भारत आने पर उसे कड़ी सुरक्षा के बीच तिहाड़ जेल में रखा जाएगा, साथ ही मुंबई में एक सुरक्षित सुविधा में उसके मुकदमे की तैयारी भी की जा रही है।

### अमेरिकी अदालत ने खारिज कर दी थी याचिका

अमेरिकी अदालत ने भारत में उसके प्रत्यर्पण को रोकने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा की उस अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसमें भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की गई थी। यह अर्जी मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। 27 फरवरी को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट की सर्किट जस्टिस एलेना कागन के समक्ष 'बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवेदन' प्रस्तुत किया था।

## इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की ऊंची उड़ान

# रायपुर में खुलेगा देश का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर कारखाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के औद्योगिक विकास की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-22 में ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर के अंतर्गत एक अत्याधुनिक कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) की स्थापना की जा रही है। यह सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स के ⏭ शेष पेज 7 पर



### आधुनिक तकनीक से है सुसज्जित

नवा रायपुर में 3.23 एकड़ भूमि में विकसित यह सेंटर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड प्रोटोटाइपिंग, 3डी प्रिंटिंग, ईएमसी टेस्टिंग, पर्यावरण और विश्वसनीयता परीक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है। इससे सेमीकंडक्टर, एलईडी लाइटिंग, सोलर चार्ज कंट्रोलर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उपकरण, ⏭ शेष पेज 7 पर

# कांग्रेस के 'गैर-जिम्मेदार नेताओं को 'रिटायर' होने की नसीहत, डीसीसी बनेगी संगठन की नींव

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

कांग्रेस ने गुजरात में साबरमती के तट से अपनी सियासी किस्मत संवारने की उम्मीद के साथ अपनी जिला इकाइयों को संगठन की 'नींव' बनाने का फैसला किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन नेताओं को 'रिटायर' होने की नसीहत दी जो अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम हैं। पार्टी ने अधिवेशन से राष्ट्रवाद के मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरते हुए कहा कि ये "छद्म राष्ट्रवाद" वाले हैं जो पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं, जबकि ⏭ शेष पेज 7 पर

■ एआईसीसी अधिवेशन में प्रस्ताव पारित



### ऐसे होगी संगठन में नियुक्ति

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से होगी। चुनावों में उम्मीदवारों के चयन में उन्हीं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। खड़गे ने कहा, संगठन निर्माण में जिला अध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। इसलिए इनकी नियुक्ति कांग्रेस के दिशानिर्देशों के अनुसार निष्पक्षता से होनी है।

### राहुल बोले- टैरिफ पर पीएम साधे हैं चुप्पी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका द्वारा भारत के खिलाफ लगाए गए जवाबी शुल्कका हवाला देते हुए दावा किया कि अब आर्थिक तूफान आने वाला है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने यहां पार्टी अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह सवाल भी किया, 'आखिर प्रधानमंत्री मोदी कहां छिपे हैं? राहुल गांधी ने दावा किया कि संसद से पारित वक्फ संशोधन अधिनियम धर्म की स्वतंत्रता पर हमला और संविधान विरोधी कदम है।

# आगरा की लवली शर्मा होंगी खैरागढ़ की नई कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डॉ.लवली शर्मा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की नई कुलपति होंगी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा उनकी नियुक्ति की गई है। इस संदर्भ में आदेश भी जारी कर दिया गया है। हरिभूमि से विशेष बातचीत में डॉ.लवली शर्मा ने कहा कि वे इस सप्ताह ही नियुक्ति देंगी। डॉ. शर्मा वर्तमान में उत्तरप्रदेश के आगरा के दयालबाग शैक्षणिक संस्थान के संगीत विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वे ग्वालियर के राजा ⏭ शेष पेज 7 पर




### पहली महिला डीलिट सितारवादक

डॉ.लवली शर्मा देश की पहली महिला सितारवादक हैं, जिन्हें डीलिट की उपाधि मिली है। इसके अलावा उन्होंने भारतीय संगीत पर 12 किताबें भी लिखी हैं। ⏭ शेष पेज 7 पर

*मौसम सुधरने के बाद आधीरात रवाना*

# नागपुर में खराब हुआ मौसम, चार फ्लाइट डायवर्ट होकर पहुंची रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नागपुर में मौसम खराब होने की वजह से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट डायवर्ट होकर रायपुर पहुंची। करीब दो घंटे बाद मौसम सामान्य होने पर उन्हें वापस नागपुर भेजा गया। इस दौरान फ्लाइट में सवार यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विमानतल सूत्रों के अनुसार बेंगलुरु फ्लाइट दोपहर 2.55 बजे, दिल्ली की फ्लाइट शाम 61.5 बजे, इंदौर की फ्लाइट शाम 7 बजे तथा मुंबई की फ्लाइट शाम 7.05 बजे नागपुर एयरपोर्ट में लैंड होती है। बताया जाता है कि वहां दोपहर बाद मौसम खराब हुआ और जमकर आधी-तूफान का दौर चला। हवा की गति काफी अधिक होने की वजह से विमानों को वहां उतराने की अनुमति नहीं मिली। चारों फ्लाइट के पायलट उसे लेकर नजदीकी एयरपोर्ट रायपुर पहुंचे। बताया जाता है कि यहां भी मौसम का मिजाज बदला हुआ था इसलिए विमानों को किसी तरह लैंड कराने के बाद स्थिति सामान्य होने का इंतजार किया गया। माना इलाके में चल रही तेज गति की हवा के कारण यहां से दूसरे शहरों को जाने वाली फ्लाइट भी थोड़ी प्रभावित हुई।

**मौसम साफ होने के बाद विमान रवाना:** जब मौसम पूरी तरह सामान्य हो गया तो डायवर्ट होकर यहां पहुंचे विमानों को उनके निर्धारित गंतव्य तक रवाना किया गया। मौसम की खराबी की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बीच हवा में एक यात्री ने दूसरे पर किया पेशाब

*मुंबई। राष्ट्रीय राजधानी से बुधवार को बैंकॉक जा रही एअर इंडिया की उड़ान के दौरान एक यात्री ने एक अन्य यात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि नौ अप्रैल को उसकी दिल्ली-बैंकॉक उड़ान में 'यात्री के अभद्र व्यवहार' की घटना की सूचना मिली और इसकी जानकारी प्राधिकारियों को दे दी गई है। घटना के बारे में पूछे जाने पर नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय घटना का संज्ञान लेगा और विमानन कंपनी से बात करेगा।*

## मंत्रिमंडलीय उप समिति की अनुशंसा के बाद लिया गया निर्णय


# भाजपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज 103 राजनीतिक केस वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य सरकार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अलग-अलग जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद कैबिनेट सब कमेटी की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के बाद 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए। मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के 2 प्रकरणों को वापस लिया गया है। ये मामले अवनी कश्यप, कताहू उर्फ प्रकाश, जनीराम साहू, महेंद्र साहू और संतोष खांडे के विरुद्ध दर्ज किए ⏭ शेष पेज 7 पर

### तहसील घेराव पर दर्ज हुआ मामला वापस

इसी प्रकार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 2 प्रकरणों को वापस लिया गया है। मानपुर स्थित तहसील कार्यालय का घेराव कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में हरिश लाटिया, शैलेश मिश्रा, कमल अंधारे, रामकेवल विश्वकर्मा, विरझूराम तारम, भानुराम रावटे, कनकराम राणा, संतोष कोटपारिया, राजू टांडिया उर्फ उमाकांत, भाजेश शाह मंडावी, रेणु टांडिया, मनीष निर्मलकर, भावेश जैन, प्रकाश मिश्रा, राधिका अंधारे, संगीता मिश्रा, कमल किशोर ⏭ शेष पेज 7 पर



### रायपुर जिले के नौ प्रकरण वापस

नारायणपुर जिले के 1 प्रकरण को वापस लिया गया है। बालोद जिले के 1 प्रकरण को वापस लिया गया है। बिलासपुर जिले के 2 प्रकरण को वापस लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 17 फरवरी 2023 को बटालियन चौक पर सड़क बाधित करने और विरोध प्रदर्शन करने के मामले में निहाल यादव, विजय यादव, राजकमल साहू, पप्पू उर्फ किशोर साहू और संजय यादव के विरुद्ध दर्ज किया गया था। राजनांदगांव जिले के 4 प्रकरण को वापस लिया गया है। ⏭ शेष पेज 7 पर

### चक्काजाम करने पर दर्ज मामला वापस

इसी तरह चक्का जाम करने तक छोटे चारपहिया वाहन, दोपहिया वाहन का आगमन बाधित करने के आरोप में राजू, मनीष निर्मलकर, राजहंस मांडवी, संजय यादव, रेनू टॉडिया, संगीता मिश्रा, राजकुमारी खलको, दिनेश मांडवी, सतीश दुबे, मनीष, शैलेश मिश्रा, राहुल मालेकर, यशवंत मालेकर, रामदेव भुआर्य होरीलाल सोरी, अनिल मेश्राम और दीपक वैष्णव के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा 9 जनवरी को इस प्रकरण की वापसी की स्वीकृति दी गई।




# समुद्र के नीचे मिली 'पिरामिड जैसी चीज', जांच में हुए रहस्यमयी खुलासे, बदल सकता है दुनिया का इतिहास

टोक्यो। दुनिया की सतह पर शायद ही ऐसी कोई चीज़ बची हो जिससे इतिहास की जानकारी मिलती हो। इतिहास के विशेषज्ञों ने दुनिया का कोई कोना नहीं छोड़ा है। वे जमीन के अंदर की खुदाई में भी पीछे नहीं हैं और इतिहास के रहस्यों को उजागर कर रहे हैं और यहां तक कि समुद्र के अंदर भी खोजबीन कर रहे हैं। ऐसे में पड़ताल के दौरान अगर समुद्र के अंदर ही पिरामिड जैसी आकृतियां मिल जाएं तो हलचल तो होगी ही. जापान के पास द्वीप में वेज्ञानिकों को पिरामिड जैसी रहस्यमयी संरचना मिली है।



### कहां है ये?

जापान के रायुक्यू द्वीपों के पास मिली यह पुरानी 24.99 मीटर की संरचना चोनागुनी मॉन्यूमेंट बताई जा रही है। कई एक्सपट्र्स मानते हैं कि समुद्र में पानी के अंदर की यह पिरामिड जैसी रहस्यमयी संरचना बताती है कि हमने पुरानी सभ्यताओं को कितना हल्के में लेकर उन्हें नजरअंदाज किया है।



### सबसे चौंकाने वाली बात

मानव निर्मित यह सरंचना सीढ़ियों वाले पिरामिड की तरह है, जो पूरी तरह से दस हजार साल पुराने पत्थरों से बनी है। अकेले यही तथ्य कम चौंकाने वाला नहीं है। इसका मतलब है कि यह अज्ञात सभ्यता तब पनपी थी जब पिछले हिम युग के बाद समुद्रों का जल स्तर बढ़ा नहीं था। यानी यह मिस्र के पिरामिड (5000 साल) और यहां तक कि पाषाण युग (6000 साल) से भी पहले पनपी थी।

### एक्सपट्र्स कर रहे हैं बहस

कुछ एक्सपट्र्स मिथहास नगरी एटलांटिस से इसकी तुलना कर रहे हैं। ग्राहम हेनकॉक इसे बहुत ही चौंकाने वाली रचना मानते हैं। लेकिन, पुरातत्वविद् फ्लिंट डिबिल जैसे कुछ एक्सपट्र्स इसे कुदरती तौर पर बनी चीज़ मान रहे हैं। इनके लिए इसे इंसानों की बनाई चीज़ मानना मुश्किल लग रहा है। जापानी भूगर्भशास्त्री डॉ. मासाकी किमूरा दावा करते हैं कि इसे आसानी से और सीधे तौर पर खारिज करना आसान नहीं है।

## रोचक खबरें



### चोरी की हुई बाइक खुद ही ले आया वापस, मांगने लगा भगवान से माफी

**बीकानेर।** अक्सर आपने चोर को चोरी करते हुए देखा होगा, लेकिन क्या आपने कभी चोर को चुराई हुई चीजों को वापस करते हुए देखा है। अगर नहीं तो आज देख लीजिए। बीकानेर की श्रीडूंगरगढ़ तहसील में एक अनोखी घटना देखने को मिली है, जो गांव के साथ ही पूरे बीकानेर में चर्चा का विषय बन गई। दरअसल, तोलियासर गांव में एक चोर ने काल भैरव मंदिर के सामने से चोरी की हुई मोटरसाइकिल को पांच दिन बाद उसी जगह वापस लाकर खड़ा कर दिया और भगवान से सिर झुकाकर, कान पकड़कर और हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए दिखाई दिया। इसके बाद वह चोर चला गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब कुछ लोग इसे भैरव बाबा की कृपा और चमत्कार मान रहे हैं, तो कुछ लोग चोर के मन में इंसानियत जिंदा रहने की बात कह रहे हैं। यह घटना 2 अप्रैल की रात की है। जब एक युवक जागरण में भाग लेने के लिए मंदिर आया था। सुबह उसकी बाइक गायब मिली, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, तो बाइक चोरी की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस भी इस चोर की तलाश में जुट गई। मामले में लोगों से पूछताछ भी होने लगी, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। करीब दो दिन बाद वही चोर फिर मंदिर आया, लेकिन इस बार उसके इरादे बदले हुए थे। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि वह मंदिर के सामने पहुंचा, सिर झुकाया, कान पकड़े, उठक-बैठक की और हाथ जोड़कर भगवान से क्षमा मांगी है। फिर वह चुपचाप बाइक वहीं छोड़कर चला गया। यह पूरा दृश्य मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया, जो अब गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दो साल साथ रही, नहीं टूटा बॉयफ्रेंड के साथ रिश्ता..खुला राज तो पति ने खुशी-खुशी करवा दी प्रेमी के साथ शादी

**लखनऊ।** यूपी के फर्रुखाबाद के कायमगंज तहसील परिसर में एक अजीबोगरीब शादी देखने को मिली। यहां एक महिला का विवाह उसके प्रेमी के साथ उसके ही पति की मौजूदगी में सम्पन्न किया गया। ये खबर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।यह मामला उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले का है। इन दोनों की शादी दो साल पहले हुई थी। लेकिन, पत्नी का प्रेम प्रसंग पहले से ही एक अन्य युवक के साथ चल रहा था। मेरठ और औरैया में हाल ही में सामने आई हत्या की घटनाओं के बाद घबराए पति ने शायद किसी ऐसे ही विवाद से बचने के लिए पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करा दी। इससे पहले हमीरपुर में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था जिसमें पति ने पत्नी का व्याह उसके प्रेमी के साथ कराया था। आखिर पत्नी की मां और पति की मौजूदगी में वैष्णवी का विवाह प्रेमी मनोज के साथ तहसील परिसर में कर दिया गया। वैष्णवी पुत्री यादराम निवासी नगला धनी मजरा सिकंदरपुर खास थाना कंपिल तहसील कायमगंज की रहने वाली अपने पति राहुल पुत्र श्री भंवर सिंह ग्राम नगला कचियां पोस्ट औरंगाबाद थाना पटियाली तहसील पटियाली राहुल से 12 जून 2023 को शादी हुई थी। पति के मुताबिक शादी के बाद हम लोगों ने वैवाहिक जीवन हंसी खुशी से निर्वाहन किया था। थोड़े दिनों के बाद आपस में कलेश पैदा हो गया और लड़ाई झगड़ा होने लगा। पति भँवर सिंह ने वैष्णवी के परिवार वालों से बात की। जब पत्नी ने पति के साथ रहने से मना कर दिया और प्रेमी मनोज के साथ रहने की बात कहने लगी।



### ईरान की नई चाल, भारत के पास बना डाला बरमूडा ट्रायंगल, अमेरिका के फूले हाथ-पैर

**नई दिल्ली।** भारत के पश्चिम में मौजूद फारस की खाड़ी में एक नए बरमूडा ट्रायंगल को देखा गया है। यहां जीपीएस के सिग्नल में अजीब तरह की गड़बड़ी देखी जा रही है, जिससे विमानों और जहाजों के नेविगेशन सिक्योरिटी को बड़ा खतरा हो सकता है। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस' की ओर से किए गए इस दावे के मुताबिक मौजूदा समय में इस इलाके में विमानों और जहाजों को बैकअप मेथ्छड का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। यूकेएमटीओ के मुताबिक फारस की खाड़ी में होरमुज जलडमरूमध्य में जीपीएस की गड़बड़ी देखी जा रही है, जिससे जहाजों के नेविगेशन सिस्टम पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यूकेएमटीओ के मुताबिक 14 मार्च 2025 और 4 अप्रैल 2025 को नेविगेशन सिस्टम में कई घंटों तक गड़बड़ी देखी गई, जिसके चलते जहाजों को बैकअप तरीकों का उपयोग करना पड़ा। ये क्षेत्र नौसैनिक अड्डे के पास स्थित बंदर अब्बास नाम के ईरानी पोर्ट के बिल्कुल नजदीक है। इंटरनेट पर अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिकी सैन्य विमानों को फारस की खाड़ी के ऊपर से जीपीएस ब्लॉकिंग का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ईरान पर अपनी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं का इस्तेमाल करके जीपीएस और कम्यूनिकेशन सिग्नल को जाम करने का आरोप लगाया जा रहा है।



# ब्रह्मांड में होगा 'रोशनी का महायुद्ध', दिखेगा आंखों को चकाचौंध कर देने वाला नजारा

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड के कई रहस्यों से पर्दा उठना अभी बाकी है। ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं के बारे में जानना इंसानों के लिए हमेशा से रोमांच का विषय रहा है। आज इस खबर में हम आपको एक ऐसी ही खगोलीय घटना के बारे में बताएंगे जो आपको हैरान कर देगी। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में होने वाली बेहद दुर्लभ खगोलीय घटना के बारे में पता लगाया है। जिस दिन यह घटना घटित होगी, उस दिन आसमान को रोशनी से जगमगा उठेगा। रिपोर्ट में वैज्ञानिकों के मुताबिक बताया गया है कि सौर मंडल से लगभग 150 प्रकाश वर्ष दूर.. दो सफेद बौने तारे टकराएंगे। इनके टकराने से विस्फोट होगा और आसमान में चांद से 10 गुना चमकदार दिखाई देगा।

### क्या होता है टाइप वन ए सुपरनोवा?

वैज्ञानिकों के मुताबिक जब सफेद बौना



तारा हद से ज्यादा वजनी हो जाता है और अपनी ही ग्रैविटी को झेल नहीं पाता तो वह तेज धमाके के साथ फट जाता है। इस प्रक्रिया को ही टाइप वन ए सुपरनोवा कहते हैं। इससे ब्रह्मांड में दूरी भी पता चलती है। यह स्टैंडर्ड कैंडल यानी मानक प्रकाश स्रोत के रूप में प्रयोग होता है।

### मिल्की वे में पहली बार ऐसी खोज

रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा पहली बार हो रहा है जब इतने भारी सफेद बौने तारे गैलेक्सी में बेहद करीब में पाए गए हैं। इस अध्ययन के प्रमुख वैज्ञानिक जेम्स मंडे ने कहा कि हम सालों से ऐसे किसी सिस्टम की खोज में थे और जब यह हमारी गैलेक्सी के बेहद करीब मिला तो उत्साह दोगुना



### धीरे-धीरे घट रही है दूरी

यह दोनों तारे एक-दूसरे की परिक्रमा कर रहे हैं। धीरे-धीरे एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। जैसे-जैसे दूरी कम हो रही है। भारी तारा हल्के तारे की बाहरी सतह से पदार्थ खींचना शुरू कर देगा। जब भारी तारा निर्धारित सीमा से ज्यादा भारी हो जाएगा तो उसमें थर्मोन्यूक्लियर होगा।



### कैसे की गई यह खोज

वैज्ञानिकों की टीम ने दुनिया के सबसे बड़े टेलीस्कोप की मदद से इन तारों के जोड़े का अध्ययन किया। इनमें से एक तारे का भार हमारे सूरज का लगभग 83% और दूसरे का 72% है। खास बात यह है कि ये दोनों तारे आकार में लगभग पृथ्वी जितना है। एक का व्यास पृथ्वी से 20% ज्यादा और दूसरे का 50% ज्यादा है। यानी सूर्य जितना द्रव्यमान पृथ्वी जैसे आकार में सिमटा हुआ है।

### महाविनाशक विस्फोट

इस प्रक्रिया के बाद जो टाइप वन ए सुपरनोवा होगा.. यह बेहद जटिल और चार गुना धमाके वाला होगा। यह विस्फोट पूरे सिस्टम को नष्ट कर देगा और इसकी ऊर्जा इतनी ज्यादा होगी कि सबसे शक्तिशाली परमाणु बम से भी लाखों खरब गुना ज्यादा होगी। यह घटना कब होगी इसका सटीक अंदाजा लगा पाना अभी मुश्किल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह घटना अभी लाखों वर्षों दूर है।



# क्यों दीवार से नहीं गिरती है छिपकली, असली कारण आपको पता चल गया तो क्या करेंगे?

नई दिल्ली। जब छिपकली मर जाती है तो वह अक्सर नीचे गिर जाती है। जिंदा रहने पर छिपकली अपने पैरों को नियंत्रित कर सकती है जिससे वह दीवार से चिपकी रहती है। लेकिन, मरने पर यह नियंत्रण खत्म हो जाता है। जब छिपकली के ये स्पैचुला दीवार या छत जैसी सतह को छूते हैं तो एक विशेष प्रकार की शक्ति पैदा होती है जिसे वैन डेर वाल्स फोर्स कहते हैं। ये एक बेहद सूक्ष्म आणविक आकर्षण होता है जो दीवार और छिपकली के पैरों के बीच काम करता है।



### जादू नहीं है, विज्ञान का कमाल

क्या आपने कभी गौर किया है कि छिपकली दीवार पर उल्टी लटकी रहती है, फर्श पर घूमती है और कभी-कभी तो सीलिंग पर भी आराम से चलती है। वो भी बिना फिसले हुए। यह कोई जादू नहीं है, बल्कि विज्ञान का कमाल है। इसे समझ लीजिए। असल में छिपकली की इस 'ग्रैविटी डिफायिंग' कला के पीछे छिपे उसके पैरों की बनावट है। छिपकली के पैरों के नीचे बेहद बारीक बाल जैसे रचनाएं होती हैं जिन्हें सेटी कहा जाता है। हर एक सेटी के ऊपर और भी छोटे-छोटे बाल होते हैं, जिन्हें स्पैचुला कहा जाता है। ये सूक्ष्म रचनाएं सतह से गहराई से चिपकने में मदद करती हैं। जितनी ज्यादा सतह से जुड़ाव होगा, उतनी ज्यादा पकड़ मजबूत होगी।

### दीवार से चिपकी रहती

लेकिन, एक दिलचस्प बात और है। जब छिपकली मर जाती है तो वह अक्सर नीचे गिर जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि उसके पैरों की पकड़ सिर्फ इन सूक्ष्म बालों पर ही नहीं, बल्कि शरीर की मांसपेशियों के सक्रिय नियंत्रण पर भी निर्भर होती है। जिंदा रहने पर छिपकली अपने पैरों को नियंत्रित कर सकती है जिससे वह दीवार से चिपकी रहती है। लेकिन, मरने पर यह नियंत्रण खत्म हो जाता है और वह पकड़ ढीली पड़ जाती है।





### एक-एक कदम सोच-समझकर

छिपकली की चाल भी उसकी इस कला को और बेहतर बनाती है। वह एक-एक कदम सोच-समझकर रखती है. ताकि हमेशा कम से कम तीन पैर सतह से चिपके रहें। इस तकनीकी चाल और पैरों की अनोखी बनावट से वह फिसलने से बचती है। छिपकली इस तरह विज्ञान और प्रकृति के अनोखे संतुलन की मिसाल है। उसकी ये खासियतें न सिर्फ हैरान करती हैं, बल्कि वैज्ञानिकों को भी प्रेरित करती हैं कि वे ऐसे फीचर्स की मदद से नई टेक्नोलॉजी बना सकें।

### 3 बार मरकर ज़िंदा हुआ शख्स, बताई मरने के बाद की सारी कहानी



**लंदन।** इंसान की ज़िंदगी काफी मुश्किल होती है, लेकिन उतनी ही रहस्यमय होती है उसकी मौत की यात्रा। आज तक कोई भी इस बात का सही-सही जवाब नहीं दे पाया है कि आखिर इंसान के मरने के बाद इंसान कहा जाता है और उसका क्या होता है? मृत्यु होते वक्त शरीर को क्या महसूस होता है और हमारा दिमाग क्या सोच रहा होता है? इन सवालों के जवाब तो हर कोई जानना चाहता है, लेकिन मिलेंगे कहां? हम ज्यादातर उन लोगों की बातों पर ही भरोसा करते हैं, जो मौत के छूकर या फिर यूं कहें कि कुछ सेकंड या मिनट के लिए मरकर वापस आने का दावा करते हैं। कुछ लोगों के लिए मृत्यु के बाद की दुनिया सुकून भरी रही तो कुछ ने शैतानों से प्रताड़ित होने का दावा किया। आखिर मौत तक ले जाने वाली उस अंधेरी सुरंग के बाद की दुनिया होती कैसी है? एक शख्स ने इसके बारे में बताया और कहा कि वो 3 बार मरकर ज़िंदा होने के बाद ऐसा कह रहा है।

**अनुभवों को दुनिया के सामने रखने के लिए लिखी किताब** : डैनियन ब्रिंक्ले नाम के शख्स का दावा है कि वो तीन बार मरा और फिर ज़िंदा हो गया। अपने अनुभवों को दुनिया के सामने रखने के लिए उसने एक किताब भी लिखी है और बताया है कि मरने के बाद क्या-क्या होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 74 साल के डैनियल ने बताया है कि वो 3 बार मरकर वापस ज़िंदा हुए हैं और अब उन्हें मौत से डर नहीं लगता। सबसे पहले साल 1975 में उनके ऊपर एक टेलीफोन का खंभा गिरने की वजह से उनकी मौत हो गई थी।

पूर्वजों से चली आ रही अनूठी परंपरा, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

# काठ के दूल्हे और आम के पेड़ की शादी, गांव के लोग हुए भोज में शामिल

हसन खान ▸▸| मैनपुर

काठ के दूल्हे और आम के पेड़ की शादी का आयोजन यहां बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। दरअसल, यहां के बगीचों में आम के पेड़ पर पहली फसल (नई दुल्हन) आने पर आम की शादी कराई गई। आम के पेड़ (जिस पेड़ पर आम की नई फसल हो) की शादी काठ के दूल्हे से कराने की परंपरा यहां पूर्वजों के जमाने से चली आ रही है।

इस परम्परा से गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत तेतलखुटी (धरनीबहाल) के निवासी जयसिंह ठाकुर ने उनके बाड़ी के बगीचों के आम वृक्ष की विधिवत पूजन विधि विधान से आम वृक्ष की विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया।



### हुआ कन्यादान भी

परंपरा के तहत पंडित जी ने मंत्रोचार के साथ विवाह से जुड़ी रस्मों (सिंदूरदान और कन्यादान) को निभाते हुए शादी संपन्न कराई। रस्म के बाद दोनों पक्ष के मेहमानों के लिए भोज का भी इंतजाम किया गया था। पहली बार फल आने पर शादी की परंपरा बगीचे के मालिक जयसिंह ठाकुर ने चर्चा में बताया कि 'आम के पेड़ पर पहली बार फल आने पर यह रस्म निभाई जाती है। इस दौरान कन्यादान भी होता है, मंगलगीत भी गाए जाते है, साथ ही भोज भी होता है। विवाह संपन्न होने के बाद ही बगीचों में लगे आम के फल को चखते हैं।

### निभाते हैं सभी रस्में

शादी समारोह संपन्न करा रहे धोबलेश्वर पुरोहित ने बताया कि यह एक रस्म है, जब फलदार पेड़ों की शादी कराई जाती है। इस दौरान शादी की सभी रस्मों को निभाया जाता है। आम के पेड़ को दुल्हन मानकर उसकी काठ के दूल्हे के साथ शादी कराने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों ने वृक्ष को धर्म से जोड़ा है। जैसे की हम पीपल-बरगद की पूजा करते हैं। ऐसी ही एक परंपरा है, जब हम नया बाग लगाते हैं, उसका फल हम तब तक नहीं खाते हैं, जब तक पूजा अर्चना शादी नहीं करा देते।

### दूल्हे की तरह काठ पर लगता है हल्दी

परंपरा के मुताबिक आम पेड़ों (दुल्हन) के लिए काठ का दूल्हा तैयार किया गया।उसके बाद दूल्हे को उसकी दुल्हन यानी फलदार पेड़ के पार रख दिया गया। महिलाएं मंगल गीत के साथ काठ के दूल्हे के शरीर पर हल्दी का लेप लगाती हैं और उसे तैयार करती हैं। इसके बाद ग्रामीण पेड़ को एक बंधन डोर में बांध देते हैं। इस आयोजन में सभी ग्रामीण पेड़ के आसपास इकट्ठा होते हैं और फिर शुरू होती है काठ से बने दूल्हे और आम के पेड़ (दुल्हन) की शादी की रस्में। बता दें कि इस अनोखी शादी में बाराती और घराती दोनों पक्ष भी शामिल हुए। पंडित को भी बुलाया गया। सात फेरे की रस्म को पेड़ के मालिक जयसिंह ठाकुर ने अपनी पत्नी के साथ पूरी की।




# 'स्वयं की यात्रा शुरू करो... दुश्मन बाहर नहीं, भीतर है'

## नवकार महामंत्र का जाप कर बोले पीएम मोदी — नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ कार्यक्रम


चेन्नई में आयोजित कार्यक्रम में अभिनेत्री जयाप्रदा भी शामिल हुईं।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 'नवकार महामंत्र' दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए कार्यक्रम में पीएम मोदी ने श्वेत वस्त्र में नवकार महामंत्र का जाप किया। 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बने। पीएम मोदी ने कहा-नवकार महामंत्र कहता है कि स्वयं पर विश्वास करो। स्वयं की यात्रा शुरू करो। दुश्मन बाहर नहीं है, दुश्मन भीतर है। मोदी ने कहा, 'नवकार महामंत्र कहता है कि स्वयं पर विश्वास करो, स्वयं की यात्रा शुरू करो, दुश्मन बाहर नहीं है, दुश्मन भीतर है। नकारात्मक सोच, अविश्वास, वैमनस्य, स्वार्थ ही वो शत्रु हैं, जिन्हें जीतना ही असली विजय है।

### जन से जग तक की यात्रा है

मोदी ने कहा-नकारात्मक सोच, अविश्वास, वैमनस्य, स्वार्थ ही वो शत्रु हैं, जिन्हें जीतना ही असली विजय है। यही कारण है कि जैन धर्म हमें बाहरी दुनिया नहीं, बल्कि खुद को जीतने की प्रेरणा देता है। नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है। हमारी आस्था का केंद्र है। ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है, जन से जग तक की यात्रा है। इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र है। प्रधानमंत्री ने कहा, '...नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है। ये हमारी आस्था का केंद्र है। हमारे जीवन का मूल स्वर... और इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है। ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है, जन से जग तक की यात्रा है।


100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि बने साक्षी

### भारत जड़ों से नहीं कटेगा

पीएम मोदी ने कहा-नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है। मैंने लालकिले से कहा है- विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा।

### लोगों को एकजुट करने का प्रयास

नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का महत्वपूर्ण उत्सव है। जैन धर्म सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र-नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास करता है। अहिंसा, विनम्रता और आध्यात्मिक उत्थान के सिद्धांतों पर आधारित यह मंत्र प्रबुद्ध व्यक्तियों के गुणों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है। आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। यह दिवस सभी व्यक्तियों को आत्म-शुद्धि, सहिष्णुता और सामूहिक कल्याण के मूल्यों पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### मोदी के 9 संकल्प

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 9 संकल्पों पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि हमने आज इतनी बड़ी संख्या में नवकार मंत्र का जाप किया है तो मैं चाहता हूं कि सब 9 संकल्प आज लेकर जाएं। पहला है संकल्प पानी बचाने का, दूसरा एक पेड़ मां के नाम, तीसरा संकल्प साफ-सफाई। चौथा है वोकल पर लोकल, पांचवां संकल्प देश दर्शन, छठां संकल्प नेचुरल फार्मिंग को अपनाना, सातवां संकल्प हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना, आठवां सकल्प योग और खेल को अपनाना, नौवां संकल्प गरीबों की मदद।

# तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा, दोनों ओर से गोलीबारी

### उधमपुर जम्मू-कश्मीर के रामनगर में सेना की मुठभेड़



एजेंसी ▶▶| उधमपुर

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गया। उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर बताया, 'पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में तीन आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई।' पुलिस ने बताया कि गोलीबारी जारी है। उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद रईस भट ने कहा, 'दो से तीन आतंकवादी हैं और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यह स्थान खब्बल के उत्तर में जोफर है। यह वही इलाका है जहां सुरक्षा बलों ने 3 अप्रैल को आतंकवादियों को देखा था। वे संभवतः उसी समूह के हैं जो सीमा पार से घुसपैठ करके आया था और जिसे पहली बार 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर के सनियाल गांव के जंगल में देखा गया था।'

### कठुआ में आतंकी गतिविधियां

डीआईजी ने बताया कि जब से कठुआ जिले में आतंकी गतिविधियां देखी गई हैं, उधमपुर पुलिस कठुआ सीमा पर मजालता ब्लॉक के चोरे पंजवा-खब्बल क्षेत्र में अलर्ट पर थी। कठुआ जिले के सानियाल इलाके में 23 मार्च को ऑपरेशन शुरू होने के बाद से तीन मुठभेड़ों के बाद पिछले 17 दिनों से पुलिस और सुरक्षा बल एक इलाके से दूसरे इलाके में जाने वाले आतंकवादियों पर नजर रख रहे हैं।


कुपवाड़ा। सुरक्षा बल के जवानों ने बुधवार को कुपवाड़ा जिले के हफरदा गांव में पाए गए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को निष्क्रिय कर दिया।

# देश की कोई भी ग्राम पंचायत ए प्लस श्रेणी में नहीं, 699 को मिला ए ग्रेड

### पहली बार जारी पीएआई की बेसलाइन रिपोर्ट में 62 फीसदी पंचायतों का प्रदर्शन निराशाजनक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंचायती राज मंत्रालय ने ग्राम पंचातयों के समग्र विकास और उनकी प्रगति का आंकलन कर पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) तैयार किया है। पहली बार जारी पीएआई की बेसलाइन रिपोर्ट में 62 फीसदी पंचायतों का प्रदर्शन निराशाजनक है। तेलंगाना और गुजरात की 699 पंचायतें सेकेंड श्रेणी में हैं, लेकिन A प्लस श्रेणी में देश की एक भी पंचायत शामिल नहीं हो पाई। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पंचायतों की प्रगति चिंताजनक है।

### 9 मानकों के अनुरूप है पीएआई रिपोर्ट

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) रिपोर्ट 9 मानकों के अनुरूप है। इनमें गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, जल उपलब्धता, स्वच्छता और हरियाली, आत्मनिर्भरता, न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुसंगत, सुशासन और महिला अनुकूल पंचायत को आधार माना गया है। यह विषय वैश्विक लक्ष्यों को ग्रामीण वास्तविकताओं के साथ जोड़ते हैं। साथ ही स्थानीय सरकारों को समग्र विकास के लिए नीति निर्धारित में मदद करते हैं।




**खास बातें**

- गुजरात, तेलंगाना की सर्वाधिक ग्राम पंचायतें दूसरी बेहतर श्रेणी में शामिल
- छत्तीसगढ़, एमपी-यूपी से एक भी पंचायत फ्रंटरनर नहीं

### गुजरात अव्वल, दूसरे नंबर पर तेलंगाना

पंचायत उन्नति सूचकांक में 346 पंचायतों के साथ गुजरात अव्वल है। जबकि, तेलंगाना दूसरे नंबर पर है। तेलंगाना की 270 पंचायतों को ए ग्रेड मिली है। बेहतर प्रदर्शन में भी गुजरात अव्वल है। यहां 13781 पंचायतें बेहतर श्रेणी में रखी गई हैं। इसी तरह महाराष्ट्र में 12,242, तेलंगाना में 10099, मध्य प्रदेश में 7,912 और उत्तर प्रदेश की 6593 पंचायतों का प्रदर्शन बेहतर है। बिहार, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की ज्यादातर पंचायतें आकांक्षी श्रेणी में शामिल हैं।

### 5,896 पंचायतों का प्रदर्शन 40 फीसदी से कम

2022-23 के पंचायत उन्नति सूचकांक आंकड़ों से पता चलता है कि 2,55,699 पंचायतों में से 2,16,285 ने मान्य डेटा प्रस्तुत किए। इनमें महज 699 यानी 0.3% ही अग्रणी पंचायतें रूप में जगह बना पाई हैं। इनमें से ज्यादातर गुजरात और तेलंगाना की पंचायतें हैं। 77,298 (35.8%) का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन 1,32,392 यानी 61.2% पंचायतों का प्रदर्शन निराशाजनक है। इन्हें आकांक्षी पंचायतों की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 5,896 यानी 2.7% पंचायतों का प्रदर्शन 40 फीसदी भी नीचे है। इनके बिगनर्स श्रेणी में रखा गया है। 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली पंचायत एक भी नहीं हैं।

### छत्तीसगढ़, एमपी-यूपी का निराशाजनक प्रदर्शन

पीएआई स्कोर में 90 से अधिक अंक वाली पंचायतें अचीवर श्रेणी में आती हैं, लेकिन इस श्रेणी में देश की एक भी पंचायत नहीं है। 75 से 90 के बीच अंक वाली 699 पंचायतें हैं, जिन्हें अग्रणी-फ्रंटरनर कहा गया है। 60 से 75 के बीच वाली पंचायतों को परफॉर्मर, 40 से 60 से बीच आकांक्षी और 40 से कम अंक वाली पंचायतों को बिगनर्स पंचायत कहा गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड की एक भी पंचायत फ्रंटरनर नहीं बन पाई।

### पंचायत उन्नति सूचकांक के फायदे

चायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) बहु-डोमेन और बहु-क्षेत्रीय सूचकांक है। जो पंचायतों के समग्र विकास, प्रदर्शन और प्रगति के आकलन में उपयोगी है। इसमें स्थानीय लोगों के कल्याण और विकास की स्थिति का आकलन करते हैं। पीएआई के अंक पंचायतों की प्रगति को दर्शाते हैं। साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाता है। पीएआई के आंकड़े साक्ष्य-आधारित योजनाओं के अनुरूप होते हैं। इससे पंचायतें विकास के अंतर की पहचान कर संसाधनों को प्रभावी उपयोग कर सकती हैं। नीति निर्माताओं को भी प्रगति का आकलन करने और इस अनुसार अपनी नीतियां संशोधित करने में मदद मिलती है।

### दिल्ली दंगे : कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच पर रोक

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने बुधवार को फरवरी 2020 के दंगों में कथित भूमिका के लिए दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच के आदेश पर 21 अप्रैल तक रोक लगा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के खिलाफ मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह रोक लगाई। अदालत ने शिकायतकर्ता मोहम्मद इलियास को भी नोटिस जारी किया और उन्हें सुनवाई की अगली तारीख 21 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

### नाइट क्लब की छत ढही 113 लोगों की मौत

**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक ऐतिहासिक नाइट क्लब की छत गिरने से कम से कम 98 लोगों की मौत हो गई और 255 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सैंटो डोमिंगो का मशहूर जेट सेट नाइट क्लब सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात गायकों, संगीत प्रेमियों, एथलीट और सरकारी अधिकारियों से खचाखच भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि मंच पर मेरेंग्यू गायिका रूबी पेरेज प्रस्तुति दे रही थीं, तभी नाइट क्लब की छत से सीमेंट झड़ने लगा और देखते ही देखते पूरी छत ढह गई।

# 'एक-एक को देख लूंगा किसी को नहीं छोड़ूंगा'

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भिड़े आप-पीडीपी विधायक

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र उस वक्त अशांत हो गया जब आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक और पीडीपी विधायक वहीद पारा के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। बहस ने ऐसा रूप लिया कि बात धक्कामुक्की और तीखी जुबानी जंग तक जा पहुंची। सदन का माहौल इतना बिगड़ा कि दूसरे विधायकों को बीच-बचाव में आना पड़ा। डोडा से आप विधायक मेहराज मलिक की पीडीपी संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद को लेकर की गई टिप्पणी से विवाद की चिंगारी भड़की। पीडीपी समर्थक इस टिप्पणी से बेहद नाराज हो गए और उन्होंने विधानसभा परिसर के बाहर मलिक का घेराव कर लिया। आरोप लगाए कि मेहराज मलिक युवाओं को गुमराह कर रहे हैं और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।


मेहराज मलिक

### सरेआम आरोप-प्रत्यारोप और धक्का-मुक्की

विधानसभा परिसर के बाहर पीडीपी के दो समर्थकों ने मेहराज मलिक को घेर लिया और उन पर एक युवक से लाखों रुपये की ठगी करने तथा एक पत्रकार को अगवा कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। देखते ही देखते मामला इतना गरमाया कि हाथापाई की नौबत आ गई। हालांकि, मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाल लिया।

### रान्या राव मामले में डीआरआई को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को कन्नड़ फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव की ओर से दायर जमानत याचिका पर राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। अभिनेत्री फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करोड़ों रुपये का सोना जब्त किये जाने के बाद सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार किया गया था। राव को डीआरआई अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर रोका था और उनके पास से 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की बिस्कुट जब्त की थीं।




homefirst We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**कब्जा सूचना**

**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने **कब्जे** में ले लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारकों/ सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू. में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरेन्द्र कुमार, सोनम देवी | फ्लैट-पुराना ख.नं. 271/19, ख.नं. 271/75 प.ह.नं. 28, पुराना प.ह.नं. 100, स्थित-मौजा अछोली, हरि ठाकुर वार्ड, वार्ड नं. 08, प.ह.नं. 100/28, रा.नि.मं. रायपुर 21-रावाभाठा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492003 चौहद्दी: उत्तर-ठाकुर का प्लॉट, दक्षिण-सड़क, पूर्व - शर्मिला देवी का प्लॉट, पश्चिम- ठाकुर का प्लॉट। | 03-02-2025 | 15,18,795 | 06-04-2025 |

ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

**ऋणधारकों/जमानतदारों** और **आम जनता** को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, **जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है।**

ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 10-04-2025

प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प )कार्यालय
हस्तशिल्प पुरस्कार 2024

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय असाधारण सिद्धहस्तशिल्पियों को उनके शिल्प की प्रगति एवं विकास की ओर उनके योगदान को पहचान देने के लिए, हस्तशिल्प क्षेत्र में सर्वोच्च, हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करता है। वर्ष 2024 के हस्तशिल्प पुरस्कारों के लिए पात्र शिल्पियों से निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार आवेदन ऑनलाइन /ऑफ़लाइन आमंत्रित किए जाते हैं:

| पुरस्कार का नाम | श्रेणी | | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|---|
| शिल्प गुरु पुरस्कार | शिल्प श्रेणी | | 05 |
| | महिलाओं के लिए | | 01 |
| | कुल | | 06 |
| राष्ट्रीय पुरस्कार | | | |
| 1 | शिल्प श्रेणी | धातु पात्र | 01 |
| | | लकड़ी का कार्य | 01 |
| | | बेंत और बांस तथा वन-आधारित उत्पाद | 01 |
| | | पत्थर के पात्र | 01 |
| | | कुंभकारी, सेरेमिक और टेराकोटा | 01 |
| | | चित्रकारी | 01 |
| | | आभूषण और अर्द्ध-कीमती पत्थर | 01 |
| | | पेपर मशीन शिल्प और पेपर शिल्प | 01 |
| | | कलात्मक वस्त्र | 01 |
| | | हस्तनिर्मित कालीन/गलीचे/दरियाँ | 01 |
| | | खिलौने और गुड़िया, कठपुतली खेल, और पतंगें | 01 |
| | | विविध शिल्प | 01 |
| | | महिला कारीगर | 01 |
| | | 30 वर्ष से कम के युवा कारीगर | 01 |
| | | दिव्यांग कारीगर | 01 |
| | | लुप्तप्राय शिल्प | 01 |
| | | जनजातीय कारीगर | 01 |
| 2. | डिज़ाइन नवीनता | | 01 |
| 3. | स्टार्ट-अप उद्यम / उत्पादक कंपनी | | 01 |

2. पात्रता, आयु, अनुभव, आवेदन प्रपत्र आदि से संबंधित अधिक जानकारी विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय की वेबसाइट www.handicrafts.nic.in में 'विज्ञापन' पर क्लिक करने के उपरांत देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। आवेदक किसी भी प्रकार की सूचना सहायता के लिए नजदीकी हस्तशिल्प सेवा केन्द्रों से भी संपर्क कर सकते हैं।

3. विधिवत रूप से भरे और पूर्ण आवेदन प्रपत्रों को हस्तशिल्प प्रविष्टियों / वांछित दस्तावेजों सहित नजदीकी हस्तशिल्प सेवा केन्द्रों 12.05.2025 तक जमा करवा दें |

CBC 41103/11/0001/2526

## चिंतन

# रेपो दर में दूसरी कटौती से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

एक तरफ जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था में टैरिफ वार की दहशत है, अमेरिका के जवाबी शुल्क के साथ आयात पर नए टैरिफ के 9 अप्रैल से प्रभावी होने व चीन के साथ टैरिफ युद्ध के बाद से विश्व स्तर पर आपूर्ति संतुलन के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं भारत ने इस विषम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में घरेलू खपत को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत के खिलाफ भी अमेरिका के जवाबी शुल्क व आयात पर नए टैरिफ दर को लेकर पैदा हुई चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इस साल फरवरी में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.25 प्रतिशत किया गया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर, 2022 के बाद से कर्ज की लागत सबसे कम स्तर पर आ गई है। रेपो रेट में कटौती से उद्योग जगत व उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा। उद्योग को कर्ज सस्ते में मिलेंगे, इससे निवेश प्रवाह बढ़ेगा। ब्याज घटने से होम, ऑटो और अन्य तरह के कंज्यूमर लोन भी सस्ते होंगे, जिससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के महीनों में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के कई उपाय किए हैं। जिनमें बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने व कॉरपोरेट कर में कमी जैसी कई योजना के साथ महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी व आठवें वेतन आयोग का ऐलान व शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद अप्रैल में भी चौथाई फीसदी की कटौती कर तीन महीने में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर दी है। अब रेपो रेट 6 फीसदी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने आगे भी कटौती का संकेत दिया है। यह मौके पर उठाया गया सही आर्थिक कदम है। इसी के साथ सरकार को नए निवेश करने होंगे और अपने योजनागत खर्च बढ़ाने होंगे, जिससे घरेलू खपत व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। भारत के पास वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में भी भरपूर अवसर है, लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धात्मक रहना जरूरी है। रिजर्व बैंक ने जीडीपी दर का अनुमान भी 6.7 फीसदी से घटा कर 6.5 फीसदी कर दिया है, इससे साफ है कि इस वर्ष भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुस्ती की जद में रहेगी। पिछले दो तिमाही से भारतीय जीडीपी की चाल मंथर है, जो राष्ट्र के ग्रोथ व विकसित भारत के लक्ष्य के लिए माफिक नहीं है। निजी व सरकारी नए निवेश व सार्वजनिक खर्च बढ़ाने होंगे, आम लोगों को टैक्स राहत देनी होगी, अप्रत्यक्ष टैक्सेशन को और सरल बनाना होगा, कच्चे तेल के सस्ता होने के अनुरूप पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती करनी होगी, तभी घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। जीएसटी व पेट्रोलियम पर उच्च टैक्स दर के भरोसे राजस्व हासिल करने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और इसे तर्कसंगत बनाना होगा। आयात पर निर्भरता कम करनी होगी व निर्यात के लिए नए बाजार देखने होंगे। अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ी हैं। डॉलर कमजोर हुआ है, बॉन्ड वैल्यू में नरमी आई है, स्टॉक मार्केट बेहाल है, कच्चे तेल तीन साल के निचले स्तर पर हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक का 'रेपो कदम' भारतीय अर्थव्यस्था को गति देगा। आरबीआई का रेपो दर घटाने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने का रणनीतिक कदम है।

बैंकॉक सम्मेलन

अरविंद जयतिलक



# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनियाभर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपये नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रूप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक के लिए आवश्यक है कि वह आपसी मतभेदों को भुलाकर अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करने, निवेश आकर्षित करने, उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने से जुड़ी नीतियों को अमलीजामा पहनाएं।

(लेखक विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# होम्योपैथी भी सुरक्षित चिकित्सा विकल्प



दिवस विशेष

डा. अदिति अरुण

> ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इसी सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं।

होम्योपैथी के लिए 10 अप्रैल का दिन बेहद ख़ास है। इस वर्ष तो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयन्ती भी है। दुनिया आज के दिन को "विश्व होम्योपैथिक दिवस" के रूप में मनाती है। इस विशेष दिवस के बहाने मैं होम्योपैथी के प्रशंसकों को यह बताना चाहती हूँ कि वैश्विक स्वास्थ्य की चुनौतियों के मद्देनज़र होम्योपैथी में उपचार का दायरा अब उन रोगों तक पहुंच चुका है जिसे दुनिया में आज भी लाइलाज बताया जा रहा है। ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद ख़तरनाक होती है। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इस सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित, रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ विकसित हुई है। सन् 1810 में इसे जर्मन यात्री और मिशनरीज़ अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियां ने भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का ज़माना शुरू कर दिया। सन् 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए फ्रांस के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जॉन मार्टीन होनिंगबर्गर भारत आए थे। डॉ. होनिंगबर्गर के उपचार से महाराज को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में पंजाब पर जब सर हेनरी लारेंस का क़ब्ज़ा हुआ तब डॉ. होनिंगबर्गर अपने देश लौट गए। सन् 1951 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक जॉन हंटर लिटर ने कलकत्ता में एक होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। सन् 1881 में कलकत्ता में पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार का दायरा अब काफ़ी बढ़ चुका है। बहुत से ऐसे सर्जिकल रोग हैं जिसमें एलोपैथी सर्जरी की ज़रूरत पड़ती है लेकिन होम्योपैथिक दवाओं से इन रोगों में भी अच्छा लाभ मिल रहा है। उदाहरण के लिए किडनी या गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया ट्यूमर, पाइल्स, मस्से आदि रोगों में होम्योपैथी अच्छा उपचार दे रही है। होम्योपैथी को आप भविष्य की एक मुकम्मल चिकित्सा पद्धति भी कह सकते हैं। जीवनशैली से जुड़े रोग, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स एवं लाइलाज बता दिए गए रोगों में तो होम्योपैथी बेहतर सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी में भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निबटने की पूरी क्षमता है। लेकिन स्वास्थ्य संकट की गंभीरता और रोगों की जटिलता के मद्देनज़र यह भी ज़रूरी है कि होम्योपैथी का गंभीर अध्ययन हो और इसे बाज़ार के प्रभाव से बचाकर पीड़ित मानवता की सेवा के चिकित्सा माध्यम के रूप में प्रोत्साहित किया जाए। इन




दिनों हम वैश्विक महामारियों और लाइलाज बीमारियों के दौर में जी रहे हैं। लगभग हर उम्र और वर्ग में जटिल बीमारियों का लाइलाज होना जहां चिंता की बात है वहीं होम्योपैथिक उपचार ने न केवल इसे सहज बनाया है बल्कि बेहद कम ख़र्च में इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ कर दिया है। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस संक्रमण के दौर को याद कीजिए।

उपचार के नाम पर पूरी दुनिया में अफ़रातफ़री थी। लोग परेशान थे और मर रहे थे। ऐसे में होम्योपैथी के रोगनिरोधी दवाओं ने बहुत काम किया। भारत वर्ष में सरकारी और निजी तौर पर बड़ी तादाद में होम्योपैथी की रोग प्रतिरोधी दवा बांटी गई और उसका असर भी हुआ कि कोरोना संक्रमण काफ़ी हद तक कम हो गया और लोग दहशत से बाहर आ गए थे। गंभीर बीमारियों और महामारियों में होम्योपैथी की भूमिका को समझने के लिए जर्नल ऑफ हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज की 1997 के अंक में दर्ज सन् 1832 एवं 1854 में युरोप में फैले एशियाटिक कालरा महामारी की स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उस समय के जाने माने जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. जान स्नो ने ब्रिटेन के किंग जॉर्ज (छठे) की मदद से रॉयल लंदन होम्योपैथिक अस्पताल के चिकित्सकों की सेवाएं ली और लाखों लोगों को असमय मरने से बचा लिया था। आज कल वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी खूब चर्चा में है। विभिन्न लोगों एवं समूहों में आलोचनाओं के बाद भी होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ी ही है। आधुनिक चिकित्सा के कई बड़े चिकित्सक भी न केवल होम्योपैथिक उपचार को अपना रहे हैं बल्कि वे अपने मरीज़ों को होम्योपैथी उपचार लेने की सलाह भी दे रहे हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि होम्योपैथी के लाभकारी गुणों को वैज्ञानिकता की कसौटी पर परख कर उसे जनसुलभ बनाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी "ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया" नाम से एक मोनोग्राफ प्रकाशित कर होम्योपैथी एवं अन्य आयुष पद्धतियों की प्रासंगिकता को स्वीकार किया है। संगठन ने इस वर्ष (2025) विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदेश के रूप में "स्वस्थ शुरुआत- आशापूर्ण भविष्य" की बात की है। संगठन भी मान रहा है कि सभी तार्किक एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करके ही दुनिया को रोगमुक्त करने की दिशा में सोचा जा सकता है। हम होम्योपैथी की प्रासंगिकता और वैज्ञानिकता को लेकर नियमित चर्चा करें, इसकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें साथ ही इसे जनसुलभ बनने के लिए भी पहल करें। वैश्वीकरण के दौर में जब स्वास्थ्य और शिक्षा बाजार की भेंट चढ़ गए हों, तब इस सहज और सस्ती वैज्ञानिक उपचार प्रणाली का महत्त्व वैसे ही बढ़ जाता है। होम्योपैथी में नियमित अनुसंधान की सख़्त ज़रूरत है। हम होम्योपैथिक चिकित्सकों को भी नये रोगों की चुनौतियों और उसके सफल होम्योपैथिक उपचार का अध्ययन करते रहना चाहिए। इन लाइलाज रोगों की चुनौतियाँ तथा आम लोगों में बढ़ती ग़रीबी के मद्दे नज़र भी होम्योपैथी जैसी सहज और सुलभ चिकित्सा पद्धति को और बढ़ाया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि महँगे इलाज का बोझ आम लोगों को कंगाल बना रहा है।देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। हमें यह भी सोचना होगा कि एक तार्किक चिकित्सा प्रणाली को मज़बूत और ज़िम्मेदार बनाने के प्रयासों के बजाए वे कौन लोग हैं जो इसे झाड़ फूंक,प्लेसिबो या सफ़ेद गोली के जुमले में बाँधे रखना चाहते हैं? यदि ये एलोपैथी की दवा और व्यापार की लॉबी है तो कहना होगा कि उनका स्वार्थ महँगी और बेतुके इलाज के नाम पर लूट क़ायम करना और भ्रम खड़ा करना है। हमें उनसे सावधान रहना होगा। नहीं तो आप उपचार की एक सहज, सरल, सस्ती और प्रामाणिक चिकित्सा विधि से महरूम रह जाएंगे।

(लेखिका होम्योपैथिक चिकित्सक एवं पोषणविज्ञानी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित

दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

# मृत्यु अटल है, जो समझे वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित

प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रायः हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- लखन चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### रामसहाय के निधन से दुख



सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला, लगन और परिश्रम से बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### समृद्ध राजधानी दिल्ली



हमारा लक्ष्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी को नीति निर्धारण और विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। दिल्ली को एक समावेशी, सशक्त और समृद्ध राजधानी बनाने के संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### संविधान की सुरक्षा जरूरी



बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है। इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी ज़रूरी है। देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### रचनात्मक सामग्री



भारत रचनात्मक सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता और उपभोक्ता है। यदि संगठित और असंगठित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ रखते हैं तो हम पहले से ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# अमेरिका ने खाद्य सहायता कार्यक्रम में मदद बंद की




ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका से इस फैसले को वापस लेने की अपील की। दो अमेरिकी अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार इस सहायता को बंद कर 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' द्वारा संचालित कुछ बचे मानवीय कार्यक्रमों को भी बंद किया जा रहा है। डब्ल्यूएफपी ने 'एक्स' पर कहा, 'यह कटौती अत्यधिक भूख और भुखमरी का सामना कर रहे लाखों लोगों के लिए मौत की सजा के बराबर हो सकती है।" एजेंसी ने कहा कि उसने इस तरह के कार्यक्रमों के 'लगातार समर्थन का आग्रह करने के लि" ट्रंप प्रशासन से बात की है और पहले के योगदान के लिए अमेरिका और अन्य मददगारों को धन्यवाद दिया।

## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं।



लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अचानक शुरू हो हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपका रहने का स्थान चेंज हुआ है? मतलब आप जो पानी पीते हैं, वो तो नहीं बदला है, क्योंकि कई बार पानी बदलने की वजह से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आपने बताया है कि समस्या अभी शुरू हुई है। अगर ऐसा है तो आपको पानी बदलना चाहिए, साथ ही बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू और साबुन का प्रयोग कम से कम करें। अगर प्रॉब्लम ज्यादा है तो आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला सूखता रहता है। हमेशा प्यास-सी लगी रहती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-पवन, बिलासपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, क्योंकि मौसम बदलते यानी गर्मी के मौसम में यह समस्या काफी लोगों को देखी जा रही है। अगर ऐसा है तो चिंता की बात नहीं है, प्यास के अनुसार पानी पीते रहे। लेकिन अगर सभी मौसम में ऐसा है तो जरूर आपको ध्यान देना चाहिए। हालांकि कई बार पेट की समस्या की वजह से प्यास ज्यादा लगती है, इस बात पर ध्यान दें। फिलहाल कुछ दिनों के लिए अधिक ऑयली खाना ना खाएं, इस तरह परिवर्तन करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे सिगरेट पीने की लत है। कई बार इस लत को छोड़ने की कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। कृपया कोई उपाय बताएं, जिससे मेरी स्मोकिंग छूट जाए।**

**-संकेत, रोहतक**

मौजूदा समय में देश में कई शहरों में ऐसे सरकारी केंद्र हैं, जहां पर इस तरह की लत छुड़वाई जाती है। वहां डॉक्टर ऐसी दवा देते हैं, जिससे उस जैसे केमिकल बॉडी को मिलते हैं, जो सिगरेट पीने के दौरान मिलते हैं और इसकी मात्रा धीरे-धीरे करके कम की जाती है, जिससे आदत छोड़ने में मदद मिलती है। तो बेहतर होगा कि आप एक बार किसी ऐसे सेंटर में संपर्क कर लें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। आजकल मुझे छोटी-छोटी बातों पर बहुत अधिक गुस्सा आता है। गुस्से की वजह से मेरे हाथ-पैर कांपने लगते हैं और पसीना भी बहुत आता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-महेंद्र प्रताप, बलौदा बाजार**

आपके लक्षणों से ऐसा लग रहा है कि बीपी बढ़ने की वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपने बीपी की जांच कराएं। क्योंकि बीपी का प्रमुख लक्षण कुछ ऐसा ही होता है। अगर ऐसा है तो डॉक्टर आपके लिए दवा शुरू करेंगे, जिसे आपको रेग्युलर खाना पड़ेगा, जिससे आराम मिलेगा। इसे लेकर लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में सोडियम का लेवल कम आया है। मैं दवा तो ले रहा हूं लेकिन प्लीज बताएं मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए, जिससे सोडियम लेवल नॉर्मल करने में मदद मिल सके?**

**-संजय, महासमुंद**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, सोडियम की कमी से परेशानी हो सकती है। हालांकि सोडियम की कमी और अधिकता नुकसानदेय हो सकती है। आपको खान-पान में ध्यान देना होगा। सामान्य नमक का सेवन करना होगा। बेहतर होगा कि आप एक बार डाइटीशियन से संपर्क कर लें, वो खान-पान का चार्ट बनाकर देंगे, उसी के अनुसार डाइट लेने से सोडियम बैलेंस रहेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. विनय गोयल
चेयरमैन-मूवमेंट डिसऑर्डर-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

स्पेशलः वर्ल्ड पार्किंसंस डे, 11 अप्रैल

आमतौर पर माना जाता है कि पार्किंसंस रोग बुजुर्गों में होता है लेकिन यंग और मिड एज के लोग भी इससे ग्रस्त हो सकते हैं। यह एक न्यूरोलॉजिकल रोग है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। इस रोग के होने के कारणों, लक्षणों, इससे जुड़े मिथ्स-फैक्ट्स और केयर के तरीकों के बारे में यहां बता रहे हैं।

# प्रॉपर केयर से बेहतर होती है पार्किंसंस पेशेंट की लाइफ

इंटरनेशनल पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी (एमडीएस) के अनुसार पार्किंसंस धीमी गति से बढ़ने वाला न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग है, जो मस्तिष्क में डोपामाइन (डोपामिन) नामक रसायन के स्तर को कम कर देता है। यानी, पार्किंसंस की समस्या में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) की क्षति होती है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में कंपन जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आमतौर पर इसे वृद्धावस्था की समस्या माना जाता है, लेकिन मौजूदा दौर में युवा वर्ग (जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है) में भी इस समस्या के मामले बढ़ रहे हैं। इस रोग को लेकर लोगों में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर वर्ष 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे मनाया जाता है। ब्रिटिश डॉक्टर जेम्स पार्किंसन ने इस समस्या को आधुनिक मेडिकल साइंस में मान्यता दिलवाने के संदर्भ में सार्थक पहल की थी। इसलिए उनके जन्मदिवस 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे के रूप में मनाया जाता है।

## रोग के कारण

मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन की कमी इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा भी कुछ वजहें हो सकती हैं।

**जेनेटिक कारणः** इसके अंतर्गत लगभग 20 ऐसे 'जींस' हैं, जिनके विकारग्रस्त या असामान्य होने से लोग पार्किंसन से ग्रस्त होते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो जेनेटिक डिफेक्ट के कारण एक बड़ी संख्या में लोग पार्किंसंस से ग्रस्त होते हैं।

**मस्तिष्क में चोटः** विभिन्न कारणों जैसे ऊंचाई से गिरने या दुर्घटना से मस्तिष्क में चोट लगने पर कालांतर में पार्किंसंस की समस्या हो सकती है।

**लकवाः** उच्च रक्तचाप या फिर स्ट्रोक होने के बाद होने वाले पैरालिसिस से पार्किंसंस से ग्रस्त होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## प्रमुख लक्षण

- चलने में परेशानी या चाल में धीमापन।
- मांसपेशियों में अकड़न।
- शारीरिक संतुलन में दिक्कत।
- दाहिने या बाएं हाथ में कंपन होना।
- आमतौर पर पार्किंसन से ग्रस्त व्यक्ति जब विश्रामपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके हाथों में कंपन होता है, लेकिन काम करने की स्थिति में नहीं होता।



- पार्किंसन से ग्रस्त लोगों का शरीर आगे की तरफ झुक जाता है।



- लिखावट का छोटा होना, जिसे मेडिकल भाषा में माइक्रोग्राफिया कहते हैं।
- आवाज में धीमापन।
- रक्तचाप का निम्न या 'लो' होना।
- छोटे-छोटे कदमों वाली चाल।
- आवाज के वॉल्यूम का कम हो जाना।
- ऐसे लोग एक ही सांस में बोलना चाहते हैं। इस कारण वे शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाते हैं।
- अकसर कब्ज की समस्या होना और सूंघने की क्षमता कम हो जाना।
- अनिद्रा की समस्या या नींद कम आना।



## ऐसे मिलेगी राहत

फिलहाल पार्किंसंस रोग का कोई स्थाई उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन लक्षणों से राहत पाकर पीड़ित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करने के लिए उपचार अवश्य उपलब्ध हैं। इसके इलाज को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। मेडिकल मैनेजमेंट, सर्जरी और नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट।

**मेडिकल मैनेजमेंटः** इसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित मरीज को न्यूरोलॉजिस्ट के परामर्श से पहले ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे शरीर में डोपामाइन नामक हार्मोन का लेवल बढ़े। गौरतलब है कि डोपामाइन के स्तर को बढ़ाने वाली दवाएं शुरुआती दौर में या एक निश्चित समय तक पार्किंसंस पीड़ितों को राहत प्रदान करती हैं, लेकिन लगातार दवा लेने के कुछ वक्त के बाद ऐसी दवाओं के साइड इफेक्ट मरीज पर पड़ सकते हैं।

**पैलिडोटॉमीः** इस न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया का उपयोग अकसर डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के विकल्प के रूप में, पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए किया जाता है।

**डीप ब्रेन स्टिमुलेशनः** यह पार्किंसंस रोग का सर्जिकल उपचार है, जिसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड्स डालकर मस्तिष्क की 'सिग्नल प्रणाली' को सही किया जाता है।

**नॉन मेडिकल ट्रीटमेंटः** इसके अंतर्गत नियमित व्यायाम, संतुलित पौष्टिक खान-पान, पर्याप्त नींद, योग और मेडिटेशन और स्वास्थ्य कर जीवनशैली से संबंधित बातों को शामिल किया जाता है। पार्किंसंस से ग्रस्त लगभग 40% व्यक्ति कब्ज की समस्या से पीड़ित रहते हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

**जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपीः** भविष्य में पार्किंसंस के इलाज में जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा, ऐसा जीववैज्ञानिकों का मानना है। इस संदर्भ में अमेरिका और यूरोप महाद्वीप के कई देशों में शोध व अध्ययन जारी हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### पार्किंसंस से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स

**मिथः** पार्किंसंस एक संक्रामक रोग है।
**फैक्टः** पार्किंसंस संक्रामक रोग नहीं है। यह किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।
**मिथः** केवल वृद्ध लोगों को पार्किंसंस होता है।
**फैक्टः** आमतौर पर पार्किंसंस के मामले 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं, लेकिन युवावर्ग (40 साल तक की उम्र वालों) में भी इस रोग के मामले सामने आ रहे हैं।
**मिथः** पार्किंसंस लाइलाज बीमारी है।
**फैक्टः** यह सही है कि पार्किंसंस का कोई विशिष्ट स्थाई इलाज फिलहाल नहीं है, लेकिन इस बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं। जैसे दवाएं, सर्जरी, व्यायाम आदि।



**मिथः** पार्किंसंस रोग से पीड़ित हर व्यक्ति के हाथ-पैर कांपते हैं।
**फैक्टः** यह सही है कि कंपन पार्किंसंस बीमारी का एक आम लक्षण है, लेकिन यह हर मरीज को नहीं होता। पार्किंसंस वालों को चलने में परेशानी या चाल में धीमापन, मांसपेशियों में अकड़न और शारीरिक संतुलन में दिक्कत आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।
**मिथः** पार्किंसंस रोग वाले मरीज सामान्य जीवन नहीं जी सकते हैं।
**फैक्टः** अगर पार्किंसंस से पीड़ित लोग डॉक्टर के परामर्श पर अमल कर अपना इलाज करवाते हैं तो वे सामान्य जीवन जी सकते हैं।
**मिथः** पार्किंसंस से ग्रस्त हो जाने के बाद लोगों की रचनात्मक क्षमता कम हो जाती है।
**फैक्टः** समुचित इलाज कराते रहने से पार्किंसंस के दुष्प्रभाव मरीज पर हावी नहीं होने पाते, जिसके परिणामस्वरूप उनकी रचनात्मक क्षमता पर बहुत कम या नगण्य प्रभाव पड़ सकता है।
**मिथः** पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है।
**फैक्टः** यह सही है कि कुछ मामलों में पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है, लेकिन डॉक्टर के परामर्श पर अमल करने वाले मरीज सामान्य जीवन प्रत्याशा के साथ जी सकते हैं।

हर्बल जोन / रेखा देशराज

# भरपूर बलवर्धक विदारीकंद



आयुर्वेद की सदियों पुरानी जड़ी-बूटी विदारीकंद के साथ अनेक किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। माना जाता है कि महाभारत काल में भीम और दुर्योधन में जो हाथियों जैसा बल था, उसकी वजह विदारीकंद जड़ी बूटी ही थी। विदारीकंद को भारतीय कुड़जू के नाम से भी जानते हैं। विदारीकंद देखने में शकरकंद जैसी प्रतीत होती है। इसका वैज्ञानिक नाम प्यूररिआ ट्यूबरोजा है। इसमें अनगिनत पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शारीरिक शक्ति में वृद्धि करती है। यह प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाली और तेजी से रिकवरी करने वाली टॉनिक के रूप में भी इस्तेमाल की जाती है। विदारीकंद का इस्तेमाल अनेक दवाइयों को बनाने में किया जाता है। उत्तर भारत के मैदानी और पहाड़ी इलाकों में यह लता के रूप में फैलती है और जमीन के अंदर इसके कंद का विकास होता है। लेकिन आजकल इसकी खूब खेती भी होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होती है। पुरुषों द्वारा इसे नियमित रूप से सेवन किए जाने पर प्रजनन क्षमता बढ़ती है। इसके सेवन से त्वचा में निखार आता है। विदारीकंद का चूर्ण मुनक्का के साथ खाने पर यह बच्चों के शरीर को मजबूत करती है। इसकी तासीर मधुर, स्निग्ध, शीतल और शुक्रवर्धक होती है। बाजार में बहुत आसानी से विदारीकंद का पावडर उपलब्ध होता है। विदारीकंद में पाया जाने वाला दूध उन महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है, जो ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। विदारीकंद का उपयोग करने से उनमें दूध की मात्रा भी बढ़ती है और गुणवत्ता में सुधार होता है। लेकिन इसका इस्तेमाल हमेशा दूध पिलाने वाली मांओं को डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। यह पुरुषों के मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी उपयोगी जड़ी बूटी है, जो मूत्र संबंधी परेशानियों से ग्रस्त हैं। इसके सही सेवन से पेशाब करते समय होने वाली जलन और दर्द से राहत मिलती है। लेकिन जहां विदारीकंद इतनी फायदेमंद जड़ी-बूटी है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं। इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से लिवर डैमेज हो सकता है। साथ ही खुजली की समस्या, उल्टियां और शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो सकती है। इसलिए विदारीकंद का सेवन कभी भी बिना डॉक्टर या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के नहीं करना चाहिए। *

डाइट सजेशन

विवेक कुमार

हमारे डेली डाइट रूटीन में सुबह के नाश्ते का बड़ा रोल होता है। खाली पेट हम जो भी खाते हैं, उसका हमारी हेल्थ और फिटनेस पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि नाश्ते में क्या खाएं और क्या न खाएं?

# ऐसी हो मॉर्निंग डाइट आप रहेंगे हेल्दी-फिट



आपके फिट दिखने और स्वस्थ होने में इस बात की बड़ी भूमिका है कि आप किस समय क्या खाते हैं? सुबह खाली पेट क्या खाएं और क्या न खाएं, अगर आपको इस बात की समझ है तो आप हेल्दी-फिट रहेंगे। लब्बोलुआब यह कि आपको इस बात की समझ होनी बहुत जरूरी है कि किस समय क्या खाएं?

**सबसे पहले गुनगुना पानीः** यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेट रहता है, मेटाबॉलिज्म मजबूत और सक्रिय रहता है और यह शरीर के टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए सुबह उठने के बाद सबसे पहले एक-दो गिलास, जितना सहजता से पी सकें गुनगुना पानी पीएं। इसमें नीबू और शहद मिलाकर पीएं तो और अच्छा है। फ्रेश नारियल पानी पीना भी बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि यह इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है और शरीर को प्राकृतिक तरीके से रिहाइड्रेट करता है। घी या शुद्ध मक्खन के साथ सुबह गर्म पानी पीना भी बहुत फायदेमंद है क्योंकि एक चम्मच घी या मक्खन के साथ गर्म पानी पीना शरीर को साफ करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है।

**डेटॉक्स वॉटरः** सुबह-सुबह डेटॉक्स वॉटर (इसे आसानी से घर में बना सकते हैं) पीने के कई फायदे हैं, जैसे- यह हाइड्रेशन बढ़ाता है क्योंकि स्वादिष्ट होने के कारण इसे आप साधारण पानी की तुलना में ज्यादा पीते हैं। यह वजन घटाने में मददगार है क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसे पीने से स्किन चमकदार बनती है, क्योंकि यह विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसे पीने से पाचन सुधरता है, यह पाचनतंत्र को सही रखने में मदद करता है।

**भीगे बादाम और अखरोटः** सुबह फ्रेश होने के बाद सबसे पहले भीगे बादाम और अखरोट खाना बहुत फायदेमंद होता है। ये विटामिन ई, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स के अच्छे स्रोत हैं। बादाम और अखरोट दिमाग को तेज और पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं। सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम और अखरोट खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। बादाम और अखरोट में प्रोटीन, जिंक, आयरन, विटामिन ए और फोलिक एसिड होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। ये खाने से याददाश्त में सुधार होता है, क्योंकि बादाम में ओमेगा फैटी एसिड और विटामिन ई होता है, जो याददाश्त बढ़ाने में मदद करता है। इन्हें खाने से वजन कम होता है। बादाम और अखरोट में फाइबर होता है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इन्हें खाने से हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। बादाम और अखरोट में पोटैशियम होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम और अखरोट में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है।

**ताजे फलः** सुबह-सुबह ताजे फल खाने से फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और प्राकृतिक शुगर मिलती है, जो ऊर्जा से लबालब कर देती है। ऐसे फलों में पपीता, सेब, केला, नाशपाती, अमरूद, कीवी, अनार और तरबूज सबसे शानदार फल हैं। सुबह खाली पेट फल खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। वजन कंट्रोल में रहता है। शरीर हाइड्रेट रहता है। दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यूनिटी बढ़ती है।

**इनसे करें परहेजः** हालांकि ज्यादातर लोगों की आदत होती है लेकिन सुबह चाय या कॉफी पीने से बचना चाहिए क्योंकि इससे एसिडिटी होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल में बदलाव आ सकता है। सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पीने से भी बचना चाहिए क्योंकि जूस की प्रोसेस में फलों के रेशे और कई विटामिन, न्यूट्रिएंट्स नष्ट हो जाते हैं। पोषण के लिहाज से पूरे फल को ही डाइट में शामिल करना चाहिए। खाली पेट दही खाने से पेट के एसिड में इजाफा हो सकता है। ऐसे में, सुबह की शुरुआत दही खाने से न करें। इससे एसिडिटी और कब्ज हो सकती हैं। नाश्ते में स्पाइसी फूड्स सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे पेट में जलन पैदा हो सकती है, जिससे अपच, एसिडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। *

अवेयरनेस

अपोलो हॉस्पिटल्स के द्वारा करवाए गए टेस्ट स्टडी की रिपोर्ट, भारतीय लोगों में हेल्थ संबंधी समस्याओं के बारे में कई खुलासे करती है। इस बारे में आपको जानना चाहिए, ताकि आप भी अपनी हेल्थ को लेकर पूरी तरह अवेयर रहें।

# लक्षणों का न करें इंतजार रेग्युलर करवाएं चेकअप




हाल में ही अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपनी 'हेल्थ ऑफ द नेशन 2025' रिपोर्ट का पांचवां संस्करण जारी किया है। जो स्पष्ट रूप से संदेश देता है कि 'लक्षणों का इंतजार न करें, बल्कि निवारक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।' देश भर में अपोलो सिस्टम से 2.5 मिलियन लोगों के हेल्थ चेकअप पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार लाखों लोग क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित हैं, जबकि उनमें इन बीमारियों के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। उल्लेखनीय है कि इनमें से 26 फीसदी लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) का शिकार हैं और 23 फीसदी डायबिटीज से पीड़ित हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि लक्षणों पर आधारित हेल्थकेयर अब व्यावहारिक नहीं रहा है।

**लोगों में बढ़ रही अवेयरनेसः** इस रिपोर्ट के मुताबिक निवारक स्वास्थ्य जांच अब कई गुना बढ़ गई है। 2019 में यह आंकड़ा 1 मिलियन था, जो 5 सालों में 150 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.5 मिलियन पर पहुंच गया है। ये आंकड़े आम लोगों में बढ़ती जागरुकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के बढ़ते महत्व की ओर इशारा करते हैं। यह रिपोर्ट तात्कालिक स्वास्थ्य की तीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। फैटी लिवर रोग, मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट और बचपन में मोटापा। इन पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। इस बारे में अपोलो हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी के अनुसार, 'भारत में हर परिवार को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर स्वस्थ एवं खुशहाल बनने का अवसर मिलना चाहिए। यह रिपोर्ट हर नागरिक को जागरूक एवं सशक्त बनाने, जल्द से जल्द टेस्ट या स्क्रीनिंग कराने की आवश्यकता पर जोर देती है।'

इस रिपोर्ट में इन प्रमुख रोगों के मामले सबसे अधिक सामने आए हैं।

**फैटी लिवरः** एक समय था, जब माना जाता था कि फैटी लिवर सिर्फ उन्हीं लोगों को होता है, जो शराब का सेवन करते हैं। लेकिन आज मोटापे, डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के चलते भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। 257,199 लोगों की जांच में 65 फीसदी में फैटी लिवर पाया गया। खास बात यह है कि इनमें से 85 फीसदी लोग शराब का सेवन नहीं करते हैं।



**महिलाओं का स्वास्थ्यः** इस रिपोर्ट से यह भी साफ है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आती है। मेनोपॉज से पहले डायबिटीज के 14 फीसदी मामले पाए गए, वहीं मेनोपॉज के बाद यह आंकड़ा 40 फीसदी दर्ज किया गया। इसी तरह ओबेसिटी की संभावना भी 76 फीसदी से बढ़कर 86 फीसदी हो गई और फैटी लिवर के मामले 54 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पर पहुंच गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हॉर्मोनल बदलाव का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। ऐसे में महिलाओं के लिए जरूरी है कि मेनोपॉज की अवस्था में पहुंचने पर वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरी तरह सजग रहें और रेग्युलर हेल्थ चेकअप करवाती रहें।

**बच्चों में ओबेसिटीः** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि छात्रों में ओबेसिटी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहरा खतरा हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल के 8 फीसदी छात्रों का वजन सामान्य से अधिक पाया गया। किशोरावस्था तक ये आंकड़े और अधिक बढ़ जाते हैं।

निश्चित ही यह रिपोर्ट हमें अवेयर करती है कि हम अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखें और रेग्युलर चेकअप करवाते रहें। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

## जैकेट के शेष

### शांति वार्ता के लिए ....

बनाना जरूरी है, यह सरकार की जिम्मेदारी है। पर्चा में केंद्रीय कमेटी तरफ से हाल ही में शांति वार्ता को लेकर एक बयान जारी हुआ। उस बयान में भी यही अनुरोध किया गया कि वार्ता के लिए अनुकूल माहौल चाहिए, अनुकूल माहौल के बिना वार्ता संभव नहीं होंगे। सरकार की आत्मसमर्पण नीति को समस्या का पूर्ण परिष्कार के रूप में बताने का भी विरोध होनी चाहिए। देश के सभी जनवादी प्रेमियों, बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, सामाजिक संगठन व कार्यकर्ताओं, जनपक्षधर पत्रकारों से अपील कर रहे कि शांति वार्ता के लिए अनुकूल माहौल निर्मित करने की हमारी मांग के समर्थन में आगे आवें। सरकार और माओवादियों के बीच में शांति वार्ता के लिए बनी समिति के साथियों से भी हम अपील कर रहे है कि इस प्रक्रिया को आगे ले जाने का पहल करें। बस्तर से नेतृत्व दूसरा राज्यों में भाग जाने की बात सही नहीं है, नेतृत्व अपने जिम्मेदारियों के तहत आना जाना और आंदोलन के जरूरतों के मुताबिक तबादलाएं साधारण प्रक्रिया है, जिम्मेदारियों को छोड़कर कोई भागे नहीं, यह प्रचार मानसिक युद्ध का हिस्सा है। अगर ऐसा भागने का प्रचार सच ,है तो हमारे एसजडसी मेंबर कामरेड रेणुका उर्फ चैते को मदद करने वाले सैकड़ों समर्थक रहने के बावजूद अस्वस्थता की स्थिति में भी अपनी जिम्मेदारियों को नहीं छोड़ी, जनता के लिए अपनी जान कुरबान की।

**हिंसा त्यागकर आत्मसमर्पण करना ही एकमात्र विकल्प** : वर्तमान परिस्थितियों में सीपीआई माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं माओवादी कैडर्स के समक्ष हिंसा त्यागकर आत्मसमर्पण करना ही एकमात्र विकल्प शेष है, अन्यथा माओवादी संगठन को गंभीर परिणामों को भुगतना पड़ेगा।
- **सुंदरराज पी.**, आईजी, बस्तर रेंज

### पीएलजीए कतारों ....

साथ पालन करें, हमलों का शिकार न बने। कगार मीडिया के उकसाने वाले प्रचार एवं पुलिस अधिकारियों के उकसाने वाली बयानों का प्रभाव में न आवें। सरकार के तरफ से सकारात्मक संकेत मिलते ही पूर्ण युद्ध विराम अमल में आएंगे। सरकार के रुख पर आधार होकर हम और स्पष्टता के साथ निर्णय लेंगे, बयान जारी करेंगे।

### नक्सलियों ने तेलंगाना-बीजापुर ....

जाएं। नक्सलियों के वेंकटापुरम वाजेड एरिया कमेटी की सचिव शांता ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बल ग्रामीणों को शिकार के नाम पर पहाड़ियों की ओर भेजकर नक्सलियों की जासूसी करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके कारण कई निर्दोष ग्रामीण आईईडी के विस्फोट में अपनी जान गंवा चुके हैं। नक्सली नेता शांता ने तेलगू में प्रेस नोट जारी कर ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि हम चाहते हैं कि ग्रामीण इन पहाड़ियों की ओर न जाएं, ताकि उनकी जान बची रहे और वह इन खतरनाक बमों के शिकार न बनें।

नक्सलियों का दोहरा चरित्र उजागर, शांति वार्ता के बीच आईईडी प्लांट कर निर्दोषों की ले रहे जान : नक्सली एक आरे शांति वार्ता की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से फोर्स की बजाए आम आदमियों व मवेशियों को अधिक नुकसान हो रहा है। जिससे उनका दोहरा चरित्र उजागर हो रहा है।
- **सुंदरराज पी**, आईजी, बस्तर

### खुलासे के बाद ....

हैं। राजस्व सचिव की ओर से जारी पत्र में भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ियों के संबंध में सामने आई शिकायतों का भी उल्लेख है।

### खरीदी बिक्री के ....

जारी होने के बाद 3 फरवरी और 6 फरवरी 2020 को कुल तीन प्रकरणों में दानपत्र पेश कर जमीनों को बांट दिया गया।

### भूमिस्वामी को लाभ ....

शासन को सिर्फ 6 प्रकरणों में ही 21 लाख 21 हजार 560 रुपए के स्थान पर 3 करोड़ 46 लाख 81 हजार 132 रुपए का मुआवजा वितरित किया गया।

### प्रकरण की कोई ....

किया गया है, न वाद सूची में ही प्रकरण दर्ज है। और तो और किस तिथि को प्रकरण की सुनवाई की गई, इसे भी अंकित नहीं किया गया है।

### नए आपराधिक.....

किया जाए, जिनमें केस स्टडी और मॉक ट्रायल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अपराध अनुसंधान प्रणाली को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक और प्रमाणिक बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रकरणों में केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि सटीक और पुख्ता साक्ष्य के आधार पर विवेचना पूरी की जाए ताकि अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सके। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत के अलावा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ईओडब्लू और एसीबी ...

मूलभूत नियम 9(32) के अधीन पूरक नियम (10) के नोट में वर्णित वर्तमान सूची में यह फेरबदल किया गया है।

**छत्तीसगढ़ में चार आईपीएस डीजी रैंक में** : ईओडब्ल्यू एसीबी में महानिदेशक स्तर के अधिकारी की पदस्थापना संबंधी नियम बनाने के बाद आने वाले दिनों में एक बार फिर पुलिस विभाग में फेरबदल देखने को मिल सकता है। वर्तमान में यहां डीजी रैंक के चार अधिकारी हैं।। इनमें वर्तमान डीजीपी अरुणदेव गौतम हैं,जो प्रभारी डीजीपी के अलावा होमगार्ड और अग्निशमन विभाग के भी प्रमुख हैं। आईपीएस पवन देव वर्तमान में लोक अभियोजन और पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के महानिदेशक हैं। आईपीएस हिमांशु गुप्ता को राज्य सरकार ने महानिदेशक जेल के रूप में पदस्थापना दी हुई है। वही डीजी जीपी सिंह वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में पदस्थ हैं। फिलहाल उनके पास कोई भी जिम्मेदारी नहीं है। वही 1994 बैच के आईपीएस एसआरपी कल्लूरी भी डीजी रैंक की पात्रता सूची में आ चुके हैं,लेकिन उन्हें डीजी प्रमोट नहीं किया गया है, इसलिए वे पुलिस मुख्यालय में एडीजी प्रशासन का कार्यभार देख रहे हैं।

### दूसरी बार घटाया ...

आरबीआई ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को भी 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

## पेज एक के शेष

### रायपुर में खुलेगा देश का...

क्षेत्र में काम कर रहे उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित होगा। यह कॉमन फैसिलिटी सेंटर तकनीकी नवाचार, औद्योगिक सहयोग और रोजगार सृजन का केंद्र बनेगा। यह प्रोजेक्ट, छत्तीसगढ़ को तकनीकी रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री साय के संकल्प को पूरा करने में मददगार होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में यह परियोजना नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही है। इसके लिए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा ईएमसी 2.0 योजना के तहत 75 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई है। इसकी कुल लागत 108.43 करोड़ रुपये है, जिसमें राज्य सरकार की भागीदारी 33.43 करोड़ रुपये की होगी। **राज्य में बढ़ेंगे नए निवेश** : यह सेंटर उन छोटे उद्यमों के लिए भी बेहद उपयोगी है जो अपने उत्पादों की गुणवत्ता जांचना चाहते हैं या नए डिजाइनों पर काम कर रहे हैं। स्टार्टअप्स अपने उत्पादों का परीक्षण कर सकेंगे, नवीन प्रोटोटाइप तैयार कर सकेंगे और तेजी से उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। इससे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उद्योगों को आवश्यक तकनीकी सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही राज्य सरकार की औद्योगिक नीति में मिलने वाले प्रोत्साहनों से राज्य में नए निवेश बढ़ेंगे। यह परियोजना छत्तीसगढ़ की औद्योगिक प्रगति में एक नया अध्याय जोड़ेगी और नवा रायपुर को तकनीक के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएगी।

### आधुनिक तकनीक...

ऑटोमेशन सॉल्यूशन और एससीएडीए पैनल जैसे उत्पादों के निर्माण में लगे उद्योगों को तकनीकी सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय का कहना है कि हमारा उद्देश्य केवल उद्योग लगाना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को तकनीकी अवसरों से जोड़ना और राज्य को आत्मनिर्भर बनाना है। यह कॉमन फैसिलिटी सेंटर निवेशकों के लिए एक नया अवसर है और यह छत्तीसगढ़ को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करेगा।

### कांग्रेस के 'गैर-जिम्मेदार नेताओं...

उसका (कांग्रेस का) राष्ट्रवाद 'त्याग, बलिदान, बहुलतावाद और उदारवाद' का रास्ता है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं, कार्य समिति के सदस्यों, कई वरिष्ठ नेताओं और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के 1700 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए।

### आगरा की लवली शर्मा...

मानसिंग तोमर संगीत एवं कला विवि में भी बतौर कुलपति अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। शैक्षणिक क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने के साथ ही वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कई प्रस्तुतियां दे चुकी हैं।

### पहली महिला...

छात्र जीवन उन्होंने कई स्वर्ण पदक भी अपने नाम किए हैं। यूजीसी के कई प्रोजेक्ट का भी डॉ.शर्मा हिस्सा रह चुकी हैं। गौरतलब है कि विवि की पूर्व कुलपति डॉ.ममता चंद्राकर को विवादों के बाद उनके पद से हटा दिया गया था। इसके बाद लंबे समय तक कुलपति का प्रभार संभागायुक्त के पास रहा। विश्वविद्यालय का विकास कार्य लंबे समय से इसके चलते बाधित रहा है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज...

गए थे। न्यायालय द्वारा 9 जनवरी को इस प्रकरण की वापसी की स्वीकृति दी गई। बताया गया कि एनएच 130 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कर मार्ग अवरुद्ध करने के मामले में मुकेश रोहरा, राजेश्वर सिंह टंडन, घनश्याम यादव, यश गुप्ता, पंकज सोनी, आनंद देवांगन और राणा प्रताप सिंह के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया था। अदालत ने 9 जनवरी को इस प्रकरण की वापसी की स्वीकृति दी। **शासकीय कार्य में बाधा पर पंजीचद्ध अपराध वापस** : बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 1 प्रकरण को वापस लिया गया है। 17 फरवरी 2023 को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर रंगीला चौक पर विरोध प्रदर्शन के मामले में विमल गुप्ता, अवनीश गुप्ता, कृष्णा पासवान, बिढु पाल, राजू बाड़े, नंद किशोर गुप्ता, दयाल विश्वास, सुनील तिवारी और अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा 14 दिसंबर 2024 को इस प्रकरण की वापसी को स्वीकृति दी गई। धमतरी जिले के 2 प्रकरण को वापस लिया गया है। बलौदा बाजार जिले के 1 प्रकरण को वापस लिया गया है। नितिन सोनी, चितावर जायसवाल, रोहित साहू, सलमान शेख, कमल भारद्वाज, सतीश पटेल, प्रकाश शर्मा और संकेत शुक्ल द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के खिलाफ अपराध पंजीचद्ध किया गया था।

### तहसील घेराव पर...

सिन्हा, राजहंस मंडावी, समिम तिगाला, राजा शर्मा, मोहनीस शर्मा, दिनेश मांडवी और अर्जुन जाड़े के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा 9 जनवरी को इस प्रकरण की वापसी की स्वीकृति दी गई।

### रायपुर जिले के...

जशपुर जिले के 3 प्रकरण का निराकरण किया गया। सूरजपुर जिले के 2 प्रकरण को वापस लिया गया है। बेमेतरा जिले के 3 प्रकरण को वापस लिया गया। रायपुर जिले के 9 प्रकरण को वापस लिया गया है। 40-50 छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से परीक्षा तिथि को लेकर विधविद्यालय के चेन गेट को तोड़कर क्षतिग्रस्त करने के कारण विभोर सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, शुभम जायसवाल, आकाश शर्मा और शेखर झाड़ा के विरुद्ध अपराध किया गया, जिसे न्यायालय द्वारा 14 दिसंबर 2024 को वापस लिया गया।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/30/तक./नि.आ.सू./न.पा.परि./2025-26 दंतेवाड़ा, दिनांक 07/04/2025

**//मैनुअल निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

कार्यालय के द्वारा जारी मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 1464 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा वार्षिक निविदा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्यों की निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**

रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website : risali.urbanecg.gov.in

क्र./लो.क.वि./2025/44 रिसाली, दिनांक 08/04/2025

**निवदा सूचना**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.क.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 दर के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 04 रूआबांधा पूर्व रिसाली जय सतनाम के पास पेवर ब्लॉक एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य (महापौर निधि) | 5.00 |
| 2. | वार्ड क्र. 10 दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में ब्लॉक नं. 249, 250, 251 एवं 252 में सीमेंटीकरण कार्य (महापौर निधि) | 5.00 |

नियम एवं शर्तें तथा कार्यो का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**
anagarpalika3@gmail.com

क्रं./83/ न.पा./लो.नि.वि./2025-26 आरंग, दिनांक 08.04.2025

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 166842 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिका परिषद आरंग के विभिन्न विभागों हेतु- कुशल/अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति | 115.43 | 30.04.2025 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् आरंग

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मौजूदा चैनल स्लीपर्स का नवीनीकरण हेतु निविदा सूचना**

क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG-BSP-T-23-25-26. दिनांक 04/04/2025. कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एच-बीम स्लीपर्स से मौजूदा चैनल स्लीपर्स का नवीनीकरण। निविदा मूल्य: ₹ 1,46,30,214.74/-। अमानत राशि: ₹ 2,23,200.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 10 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 21.04.2025 के 11:00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 05.05.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआर/10/07 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**GOVT. OF INDIA / भारत सरकार**
**PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA,**
पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय
(KUMHARRAS, SUKMA, CHHATTISGARH, 494111)
(कुम्हाररास, सुकमा -2, छत्तीसगढ़ 494111)
(Affiliation No. 3340017, UDISE Code:- 22210204404, E-mail :- jnvsukma@gmail.com)

F.NO.Tender File. / 2025-26/JNVSKM02/43 DATE:- 09.04.2025

**निविदा सूचना**

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कुम्हाररास, सुकमा -2 जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ में सत्र 2025-26 के लिए टक शॉप हेतु पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी विद्यालय से सीधे कार्यदिवसों में दिनांक 10.04.2025 से 24.04.2025 तक अपराह्न 2 बजे तक 500/- नकद जमा कर प्राप्त कर सकते है अथवा विद्यालय के वेबसाइट https:// www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school /SUKMA-2/en/ home/ से निविदा फार्म download कर फार्म के मूल्य 500/- समिलित करते हुए पूर्ण रूपेण भरी हुई मोहरबंद निविदा इस विद्यालय में निर्धारित जमानत राशि जो बैंक ड्राफ्ट / चेक जो प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा, छत्तीसगढ़ जो एस बी आई सुकमा कोड 2894 को देय होगा। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.04.2025 तक शाम 4 बजे तक निर्धारित है।

प्राप्त निविदाएं खोलने के लिए विद्यालय क्रय सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 26.04.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कुम्हाररास, सुकमा -2 जिला-सुकमा -2 निर्धारित की गयी है। निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार क्रय सलाहकार समिति के पास सुरक्षित है। निविदा फार्म जमा करते समय निम्नलिखित दस्तावेजो का होना अनिवार्य है:-

1. आधार कार्ड
2. पैन कार्ड
3. जमानत राशि 5000/-

जमानत राशि केवल डिमांड ड्राफ्ट या चेक के रूप मे स्वीकार की जाएगी। प्राचार्य

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 01/न.पा.नि./जल विभाग/2025-26 दिनांक 09/04/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 24/04/2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 166797 | Centrifugal Pump Repairing Work | 15.41 | 12,000.00 |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, दिनांक 09/04/2025 निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)**
Email- kurud_mandi1@yahoo.com

क्रमांक/ मंडी/नियमन /शे.शॉप नीलामी /2025-26/59 कुरूद, दिनांक 9/04/2025

**- शेण्ड्री शॉप नीलामी सूचना ::-**

कृषि उपज मंडी समिति कुरूद के उपमंडी प्रांगण भखारा में नवनिर्मित 05 नग शेण्ड्रीशॉप की नीलामी **दिनांक 25.04.2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12.00 बजे** कृषि उपज मंडी कुरूद के सभा कक्ष में किया जावेगा। शेण्ड्रीशॉप की नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक **23.04.2025** को सांय 5.00 बजे तक नवीन मंडी कार्यालय कुरूद में आवेदन प्रस्तुत कर निर्धारित **अमानत राशि रू. 37000.00 डी.डी. के रूप में** जो सचिव कृषि उपज मंडी समिति के नाम पर देय जमा कर सकते है। मंडी के पंजीकृत व्यापारी मंडी समिति को देय बकाया नहीं प्रमाण एवं आरक्षित दुकान के आवेदनकर्ता एग्री बिजनेस व्यवसाय तथा गौउत्पादन व्यवसाय जैविक उत्पादन एवं मरार पटेल समाज को **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर आंबटित की जावेगी। एग्री बिजनेस, गौउत्पादन एवं जैविक उत्पादन व्यवसायकर्ता को दो वर्ष का अनुभव प्रमाण-पत्र तथा संबंधित विभाग में जमा किये गये दो वर्ष के वार्षिक रिटर्न की कापी प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित तिथि एवं समयावधि के बाद प्राप्त आवेदन एवं अमानत राशि स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**नीलामी कार्य स्थल - उपमंडी कार्यालय भवन भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)।**
**निर्धारित शर्त कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।**

| क्र. | स्थान का नाम | शेण्ड्रीशॉप की संख्या | साईज | अमानत राशि (रू. में) | प्रीमियम राशि (रू. में) | मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उपमंडी प्रांगण भखारा (बाजार की ओर निर्मित) | क्र. 01 से 04 अनारक्षित | 20X12 वर्ग फीट | 37000.00 | 92500.00 | 2275.00 प्रतिमाह |
| | | क्र. 04 एग्री बिजनेस जैविक एवं गौ उत्पादन हेतु तथा क्र. 05 पटेल मरार समाज हेतु आरक्षित | 20X12 वर्ग फीट | - | - | 2275.00 प्रतिमाह |

(सी.आर. साहू)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)

(राजकुमार रात्रे)
सचिव, कृषि उपज मंडी समिति
कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified) 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006, CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N,
GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000, Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER [5th Call]**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 01 & 02/CSIDC/E.E.1/Division-II/2025-26/ Raipur, dated 09.04.2025

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in **"Form-B"** (Item Rate Basis) for the following work :-

| NIT No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed (including rainy season) | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs) | EMD Amount Rs.) | Cost of Tender Document (Including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Up-gradation of B.T. Road, R.C.C. Surface drain, Street light & D.I. Pipe line at I/A Bhanpuri, Distt. Raipur (C.G.) | Class-B & Above | 09 Month | 822.52 | 411500/- | 3,540/- |
| 2 | Up-gradation of Infrastructure like Road, R.C.C. water drain, Boundary wall, HDPE 110 mm, water harvesting & Street light I/A Metal Park, Distt. Raipur (C.G.) | Class-B & Above | 09 Month | 957.92 | 479000/- | 3,540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 11/04/2025 Time 17:00 hrs and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by **Mjunction Services Limited**, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

S-43506/4 कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे www.csidc.in

Executive Engineer
Division- II


**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

**(प्रपत्र-अ) प्रथम निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
Website - www.cgmsc.gov.in, Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

| स. क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | राशि रू. (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10353 | जिला सक्ती में डिस्ट्रिक टीबी सेंटर एवं डिस्ट्रिक ड्रग स्टोर का निर्माण कार्य। | 28.06 |
| 2 | 10354 | जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में डिस्ट्रिक टीबी सेंटर एवं ड्रग स्टोर का निर्माण कार्य। | 28.06 |
| 3 | 10355 | जिला चिकित्सालय बिलासपुर स्थित परिजन विश्राम गृह का आवश्यक मरम्मत कार्य। | 27.27 |
| 4 | 10356 | जिला चिकित्सालय बिलासपुर मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य। | 85.28 |
| 5 | 10357 | सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर के रेडियोलॉजी भवन के उपर शेड कार्य। | 28.05 |
| 6 | 10358 | सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर के ऑर्थो ओपीडी ब्लॉक के उपर शेड कार्य। | 23.89 |
| 7 | 10359 | सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर के स्टॉफ पार्किंग शेड कार्य 02 नग। | 23.60 |
| 8 | 10360 | जिला बस्तर के गिदावरली में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 25.94 |
| 9 | 10361 | जिला बस्तर (जगदलपुर) में New District Vaccine Store भवन का निर्माण कार्य। | 30.61 |
| 10 | 10362 | जिला दंतेवाड़ा में New District Vaccine Store भवन का निर्माण कार्य। | 30.61 |
| 11 | 10363 | जिला सुकमा में New District Vaccine Store भवन का निर्माण कार्य। | 29.80 |
| 12 | 10364 | जिला बस्तर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरभा में ब्लड बैंक का निर्माण कार्य। | 38.76 |
| 13 | 10365 | जिला बीजापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में 01 नग 02 एफ टाईप स्टॉफ क्वार्टर भवन का शेष निर्माण कार्य। | 25.97 |
| 14 | 10366 | जिला दंतेवाड़ा में जिला अस्पताल में 06 बिस्तर ट्रायएज भवन का शेष निर्माण कार्य। | 20.33 |
| | | निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर **दिनांक** 15/04/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी **अंतिम तिथि दिनांक** 07/05/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी। | |

S-43499/2 sd/- अधीक्षण अभियंता



## शब्द पहेली - 5832



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5831 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5842

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5841 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

# विकसित पोल्ट्री राष्ट्र के लिए 3000 पोल्ट्री किसान सम्मेलन में हुए उपस्थित

- आईबी ग्रुप की और से आयोजित सम्मेलन के दूसरे दिन बहुत सी घोषणाएं की गई
- किसानों को कन्या रत्न होने पर विवाह के लिए 25 हजार रुपए देने की घोषणा

**रायपुर।** शहर के होटल ओमाया गार्डन में चल रहे देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव के दूसरे दिन पूरे भारत से पोल्ट्री किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में आईबी ग्रुप की ओर से पोल्ट्री विशेषज्ञ डॉ. आर. के. जायसवाल और डॉ मुबारक़ हुसैन ने किसानों को पोल्ट्री फार्म के प्रबंधन और आवश्यक वैक्सीनेशन की विस्तृत जानकारी दी।

दो दिवसीय पोल्ट्री सम्मेलन में तकनीकी जानकारी के साथ किसानों के लिए बहुत सी घोषणाएं और योजनाएं भी लांच की गई। समृद्धि योजना द्वारा आईबी ग्रुप, किसानों को कन्या रत्न होने और उसके विवाह हेतु 25000-25000 रुपए देने की घोषणा की।




## आदिवासी महिलाओं के लिए अस्मिता प्रोजेक्ट

आईबी ग्रुप द्वारा आदिवासी महिलाओं को रोजगार देने के लिए अस्मिता प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है जिसमें महिलाओं को जोड़कर लखपति दीदी बनाने की योजना है। अभी तक मोहला मानपुर से आदिवासी महिलाओं का चयन कर उन्हें पोल्ट्री फार्म को लेकर प्रशिक्षित किया गया है इस मामले में राज्य सरकार ओर जिला प्रशासन भी आगे आकर अच्छा काम कर रहा है और महिलाओं का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित करते हुए गांव-गांव में रोजगार से जोड़ा जा रहा है। राजनांदगांव जिले से इसकी शुरुआत हुई है इसके बाद अंबिकापुर और जगदलपुर जैसे जिलों में काम किया जाएगा।

*क्लाइमेंट चेंज की चुनौतियों से निपटना होगा*

*समारोह में कंपनी की डायरेक्टर श्रीमती जोया आफ़रीन आलम भी उपस्थित थी। किसानों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय पोल्ट्री को विश्व स्तर पर लाने के लिए ईसी (एनवायरमेंटली कंट्रोल्ड) पोल्ट्री हाउस तकनीक को अपनाना ही पड़ेगा क्योंकि भविष्य में क्लाइमेट चेंज जैसी चुनौतियों से बचना बहुत जरूरी है और इस बदलाव के साथ हम समान वजन की बड़र्स और साल में लगभग 6 बैच निकालकर देश को प्रोटीन पहुँचाने के उद्देश्य में सफल हो पायेंगे।*

## एमडी अली ने किसानों का जताया आभार

आईबी ग्रुप के एमडी श्री बहादुर अली ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश भर के जो पोल्ट्री किसान इस सम्मेलन में उपस्थित हुए है मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ। आईबी ग्रुप जिस मुक़ाम में खड़ी है उसके पीछे संघर्षों की एक लंबी सूची है लेकिन कंपनी अपने किसानों के कारण ही इतनी बड़ी बन पाई है। आईबी ग्रुप ही एक ऐसी कंपनी है जो किसानों को व्यापार के लिए नहीं विकास के लिए साथ जोड़ती है। आईबी ग्रुप अपने किसानों को आगे बढ़ाने के लिए एआई जैसी नई तकनीकों को लेकर आ रही है जिससे विकसित भारत के साथ विकसित पोल्ट्री राष्ट्र का सपना साकार हो पाएगा। दो दिवसीय सम्मेलन में कंपनी के सीएमडी श्री सुल्तान अली, डायरेक्टर श्री ज़ीशान अली और डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ उपस्थित थी।

# दुल्हे साहबः विवाह, पार्टी और त्योहारों के लिए मेन्स वियर का आदर्श गंतव्य

**दुर्ग।** शादी, पार्टी या त्योहार हो, 'दुल्हे साहब' मेन्स वियर शोरूम ने रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। यहां युवाओं के लिए शेरवानी, कोट सूट, कुर्ता-पायजामा, इंडो वेस्टर्न, जोधपुरी, ब्लेजर, कैजुअल, फॉर्मल और अन्य पारंपरिक कपड़ों की एक विशाल रेंज उपलब्ध है। दुल्हे साहब की खासियत वस्त्रों की विविधता, गुणवत्ता और बजट के अनुरूप कपड़े है, जो लगातार ग्राहकों से शानदार रिस्पॉन्स प्राप्त कर रहे हैं। 'दुल्हे साहब' अब एक प्रसिद्ध ब्रांड बन चुका है, जिसे विवाह, पार्टी और त्योहारों के लिए मेन्स वियर के प्रमुख संग्रह के रूप में जाना जाता है। शोरूम की विभिन्न



शाखाओं पर सैंकड़ों वेडिंग कलेक्शन उपलब्ध हैं, जो हर उम्र और शैली के व्यक्ति के लिए उपयुक्त हैं। यहां के शोरूम में ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता और नवीनतम ट्रेंड के अनुसार कपड़े मिलते हैं, जो किसी भी खास अवसर के लिए एकदम सही हैं। इसके अलावा ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'दुल्हे साहब' के शोरूम्स रविवार को भी ओपन रहते है, ताकि वे आसानी से अपने मनपसंद कपड़े खरीद सकें। मुख्य शोरूम्स की लोकेशन पंडरी रायपुर, महालक्ष्मी मार्केट पुलगांव दुर्ग और जयस्तंभ चौक राजनांदगांव में हैं।

## अगर ट्रंप दवाओं पर लगाएंगे टैरिफ तो भारतीय कंपनियां होंगी ज्यादा प्रभावित

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये ऐलान किया है कि फार्मास्युटिकल्स पर उनका टैरिफ लगाने का लंबे समय से किया गया वादा जल्द पूरा होगा। बिना कोई अतिरिक्त जानकारी साझा किए हाउस रिपब्लिकन के लिए आयोजित फंड रेजिंग प्रोग्राम के दौरान ट्रंप ने कहा, 'हम जल्द ही बड़ा टैरिफ फार्मास्युटिकल्स पर कर लगाने जा रहे हैं।' ट्रंप ने कहा कि अगर हम ऐसा करते हैं तो वे कंपनियां हमारे बाजार में वापस आ जाएंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि हम बड़े बाजार हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समये से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर अपना दुख जताते रहे हैं। ऐसे में देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा ट्रंप बार-बार करते रहे हैं।

# रेपो दर में कमी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए, छोटे उद्यमों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में कटौती और मौद्रिक नीति के रुख को 'उदार' करने का निर्णय व्यापार युद्ध के बीच अर्थव्यवस्था को गति देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे अन्य क्षेत्रों के अलावा सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों के लिए उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद है।

बैंक अधिकारियों ने बुधवार को यह कहा। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रेपा दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का निर्णय व्यापार युद्ध के बढ़ते तनाव के बीच अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम है।

## लगातार दूसरी कटौती

इस साल नीतिगत दर में लगातार दूसरी कटौती प्रमुख क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र के हित को केंद्र में रखने का प्रमाण है।' उन्होंने कहा, "सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए इस कटौती से कर्ज की लागत कम होने की संभावना है, जिससे इस क्षेत्र की वृद्धि और नवोन्मेष करने की क्षमता बढ़ेगी।'

*खुदरा मांग को समर्थन मिलेगा*

*इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने कहा, "आरबीआई के इस कदम से एमएसएमई और खुदरा मांग दोनों को समर्थन मिलने की उम्मीद है।*

# उद्योग में पहली बार 'इन-ऐप मोबाइल ओटीपी' की सुविधा शुरू

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने अपने मोबाइल ऐप 'ओपन' पर एक अभिनव सुविधा 'इन-ऐप मोबाइल ओटीपी' पेश की है।

उद्योग में पहली बार शुरू की गई इस सुविधा का उद्देश्य ओटीपी (वन-टाइम पासवर्ड) से जुड़ी धोखाधड़ी और घोटालों से ग्राहकों की सुरक्षा करना और प्रमाणीकरण सुरक्षा को मजबूत करना है। यह सुविधा एसएमएस के ज़रिए ओटीपी भेजने की बजाय ऐप के भीतर ही टाइम-बेस्ड वन-टाइम पासवर्ड जनरेट करती है, जिससे टेलिकॉम नेटवर्क पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। इससे प्रमाणीकरण तेज़, सुरक्षित और धोखाधड़ी के जोखिम को काफी हद तक कम करता है। यह मोबाइल ओटीपी सुविधा बैंक की समग्र धोखाधड़ी सुरक्षा योजना का हिस्सा है, जिसके तहत बैंक देश का सबसे सुरक्षित बैंक बनने के लिए कई नए कदम उठा रहा है।

# बैंक ऑफ इंडिया व यूको बैंक ने घटाई ब्याज दर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कर्जों की ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने बुधवार को रेपो दर में कटौती किए जाने के कुछ घंटों के ही भीतर ऋण की दरों में 0.25 प्रतिशत अंकों की कटौती करने की घोषणा कर दी।
सार्वजनिक क्षेत्र के इन बैंकों के इस फैसले से उनके मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को फायदा होगा। अन्य बैंकों की तरफ से भी जल्द ही इसी तरह की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने शेयर बाजारों को अलग-अलग दी गई सूचनाओं में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) में कटौती किए जाने के बाद ऋण दर में यह संशोधन किया गया है। कटौती के बाद बैंक ऑफ इंडिया की नई रेपो आधारित ऋण दर (आरबीएलआर) पहले के 9.10 प्रतिशत से घटकर 8.85 प्रतिशत हो गई है। नई दर बुधवार से ही प्रभावी हो जाने की घोषणा बैंक ने की। इस बीच यूको बैंक ने कहा कि उसने रेपो संबद्ध दर को घटाकर 8.8 प्रतिशत कर दिया है।

## नई दर आज से प्रभावी

नई दर बृहस्पतिवार से प्रभावी होगी। इसके पहले आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.0 प्रतिशत करने की घोषणा की थी।

## सरकारी खजाने में कोल इंडिया का योगदान घटा


**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड ने इस साल मार्च में सरकारी खजाने में 5,832.69 करोड़ रुपये का योगदान किया है, जो सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत कम है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली सीआईएल ने मार्च, 2024 में केंद्र और राज्य सरकारों के खजाने में 6,126.42 करोड़ रुपये का योगदान किया था।

# रेपो दर में कटौती का शेयर बाजार को समर्थन नहीं, सेंसेक्स 380 अंक टूटा



**मुंबई।** बढ़ते व्यापार तनाव से वैश्विक बाजारों में आई गिरावट के बीच स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती किए जाने के बावजूद नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स करीब 380 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 137 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक के नीतिगत मोर्चे पर सकारात्मक कदम उठाने के बावजूद वैश्विक व्यापार चिंताएं बाजार पर हावी रहीं और निवेशकों ने बिकवाली को प्राथमिकता दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर 73,847.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 554.02 अंक गिरकर 73,673.06 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया था। निफ्टी भी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 22,399.15 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 182.6 अंक गिरकर 22,353.25 अंक पर आ गया था। एशियाई बाजारों में कमजोर रुझानों को दर्शाते हुए घरेलू सूचकांक गिरावट के साथ खुले और पूरे सत्र के दौरान नकारात्मक दायरे में ही बने रहे।

# सोना 1,050 रुपए टूटकर 91,000 से नीचे फिसला, चांदी मजबूत



**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट और खुदरा विक्रेताओं के कमजोर उठान के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले बाजार बंद के समय 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,050 रुपये टूटकर 89,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि मंगलवार को यह 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 93,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को सफेद धातु 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 61.98 डॉलर या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 3,044.14 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, "पूरी तरह से वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण विश्व अर्थव्यवस्था मंदी में चली गई, जिससे सुरक्षित-पनाह परिसंपत्तियों की मांग फिर से बढ़ गई। इससे सोना 3,030 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुरूद, जिला - धमतरी (छ. ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. 202503130500022 / 2024 - 2025
थाना - कुरूद, तहसील - कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पुलिस थाना कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.) का पत्र क्रमांक / 91 / 2025 दिनांक 21/03/2025 के माध्यम पुलिस अधीक्षक जिला - धमतरी द्वारा समस्त थाना/चौकी में जप्त लावारिश / लादावा वाहनों के निराकरण / नीलामी की कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना कुरूद, जिला - धमतरी में जप्त लवारिश वाहनों की जानकारी हेतु संबंधित परिवहन कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर संबंधितों को नोटिस तामिली/अदम तामिल उपरांत भी थाना कुरूद में सूची में दर्शित वाहनों का मालिक अपने वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक के साथ सुपुर्दनामा में प्राप्त करने हेतु थाना उपस्थित नहीं हुआ है। अतः थाना कुरूद जिला धमतरी में जप्त लावारिश / लादावा वाहन के मालिकाना हक हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु लेख किया गया।

थाना कुरूद, जिला - धमतरी (छ. ग.) का इस्तगाशा क्रमांक 01/2025 जिला - धमतरी (छ.ग.) धारा-28 पुलिस एक्ट अनुसार थाना कुरूद में जप्त लावारिश / लादावा वाहनों का विवरण निम्न QR कोड को स्कैन कर देख सकते हैं :-

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति उक्त वाहन पर अपना हक रखता हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ पेशी तारीख : 15/04/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में दावा, आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं । म्याद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांकः 02/04/2025 को जारी किया गया।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
कुरूद, जिला-धमतरी

G-252600213/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला - नारायणपुर, छ.ग.

Tel. :- 07781-252934 Email :- eenar-phe-cg@gov.in

### मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

नि.सू. क्रमांक / 03 / ले.शा./ का.अ. / लो.स्वा.यां. खंड / 2025, नारायणपुर, दिनांक 04/04/2025

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन - संधारण हेतु सामग्री प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में महुरबंद निविदाएं प्रपत्र "अ" में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 15/04/2025 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है ।

| समूह क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | जिला नारायणपुर के अधीनस्थ उपखण्ड नारायणपुर व केशकाल में जल जीवन मिशन के कार्यो के निरीक्षण हेतु बोलेरो / स्कार्पियो (ए.सी. रहित ) वाहन मासिक किराये पर प्रदाय किये जाने हेतु (2000 कि.मी. हेतु पी.ओ.एल. एवं समस्त कर सहित) | 10.80 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 15.04.2025 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर छ.ग.

G-252600212/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, जिला खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)

Email ID:- eekhaira-phe@cg.gov.in

### / / निविदा निरस्तीकरण सूचना / /

इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा निविदा सूचना / सिस्टम क्र 25/163420 दिनांक 26.12.2024 (जी क्रंमाक 242504896) की निविदा को अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)

G-252600189/3

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 03/166630 | S.R./ MOW WORK OF SAHEED VEER NARAYAN SINGH INTERNATIONAL CRICKET STEDIUM PARSADA, NAWA RAIPUR, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) | रू. 50.00 लाख |
| 04/166631 | S.R./MOW & DEPOSIT WORK OF DISTRICT. HOSPITAL PANDARI SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) | रू. 20.00 लाख |
| 05/166632 | S.R./ MOW & DEPOSIT WORK OF RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDING AT ARANG SECTION_NO.-1, SECTION_NO.- 02 & KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) | रू. 30.00 लाख |
| 06/166633 | S.R./ MOW & DEPOSIT WORK OF_G.E.C. SECTION SEJBAHAR UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) | रू. 50.00 लाख |
| 07/166634 | ORDINARY MAINTENANCE WORK OF SAHEED VEER NARAYAN SINGH INTERNATIONAL CRICKET STEDIUM PARSADA, NAWA RAIPUR, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) | रू. 50.00 लाख |
| 08/166635 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPRING & PAINTING WORK IN ALL RESIDENTIAL & NON-RESIDENTIAL BUILDING OF ARANG SECTION_NO.-1, ARANG SECTION NO.-02 & KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) | रू. 15.00 लाख |
| 09/166636 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPRING & PAINTING WORK IN ALL RESIDENTIAL & NON-RESIDENTIAL BUILDING OF DISTRICT HOSPITAL PANDARI & G.E.C.SEJBAHAR, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) | रू. 20.00 लाख |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.04.2025 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंड़ल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-252600190/4

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




# तिलक के बाद कॉन्वे... सेट बल्लेबाज छोड़ रहे मैदान, 'रिटायर्ड आउट' नियम पर उठे सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सत्र में एक नए नियम को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए हैं। नए नियम के तहत पहले से सेट बल्लेबाज मैदान छोड़ रहे हैं। वो खुद ही 'रटियार्ड आउट' होकर मैदान से बाहर जा रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच 4 अप्रैल को हुए इस मुकाबले तलिक वर्मा रिटायॅर्ड आउट हुए।

वहीं 8 अप्रैल को पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में डेवोन कॉन्वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन की ओर लौट गए। इन दोनों ही फैसलों के बाद क्रिकेट विश्लेषकों, पूर्व क्रिकेटर्स और कमेंटेटर्स ने सवाल उठाए। वहीं इस पूरे मसले से एक सवाल यह भी उठ रहा है कि जो बल्लेबाज पहले से सेट है, उसकी जगह कोई दूसरा खिलाड़ी आएगा तो इस बात की क्या गारंटी है, वो तेजी से ही रन बनाएगा।

### कॉन्वे रिटायर्ड आउट रवींद्र जडेजा फेल

*पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे को 18वें ओवर में 'रिटायर्ड आउट' किया गया, जब वे 49 गेंदों में 69 रन बनाकर खेल रहे थे, उस समय चेन्नई को जीत के लिए 13 गेंदों में 49 रनों की जरूरत थी। कॉन्वे की जगह रवींद्र जडेजा मैदान में उतरे, लेकिन यह रणनीति सफल नहीं रही। नतीजतन चेन्नई की टीम को 18 रनों से हार झेलनी पड़ी। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मैच के बाद बताया कि टीम ने कॉन्वे को तेजी से रन बनाने का मौका दिया, लेकिन जब रन रेट बढ़ता गया और वह तेजी से रन नहीं बना सके तो उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया गया।*



### तिलक चले गए मैदान से बाहर

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल 2025 का मैच नंबर 16 खेला गया। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ रन चेज में सात गेंद शेष रहते तिलक वर्मा को रिटायर आउट करने का फैसला किया। तिलक उस समय 23 गेंदों पर 25 रन बनाकर टिके हुए थे। उनकी जगह



बल्लेबाजी करने मिचेल सेंटनर आए। उस समय मुंबई को 7 गेंदों पर 24 रन चाहिए थे, लेकिन आवेश खान ने अंतिम ओवर में 22 रनों का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए लखनऊ के लिए मैच जिता दिया।

### क्लार्क, चावला, जाफर हैरान

कॉन्वे मामले पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने हैरानी जताई. वहीं पीयूष चावला और वसीम जाफर ने माना कि यह निर्णय देर से लिया गया। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इस बात पर सहमति जताई कि मिडिल ओवर्स में टीम की बल्लेबाजी की स्पीड कम हो गई, लेकिन उन्हें खुशी है कि उन्होंने इस सीजन में पहली बार 200 का आंकड़ा पार किया।

### रिटायर्ड आउट होने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|
| रविचंद्रन अश्विन | लखनऊ | 2022 |
| अथर्व तायडे | दिल्ली | 2023 |
| साई सुदर्शन | मुंबई | 2023 |
| तिलक वर्मा | लखनऊ | 2025 |
| डेवोन कॉन्वे | पंजाब | 2025 |

खास खबर

## सिंधु और किरण जीते, लक्ष्य और प्रणय पहले दौर में हारे



**निंगबो।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया की ईस्टर नुरुमी वारडोयो को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी 29 वर्षीय सिंधू ने 36वें नंबर की खिलाड़ी वारडोयो को 44 मिनट में 21-15, 21-19 से हराया। लक्ष्य को पहले दौर में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ सीधे गेम में 18-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय को भी पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के झू गुआंग ल्यु के खिलाफ 16-21, 21-12, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। किरण जॉर्ज ने हालांकि कजाखस्तान के दमित्री पनारिन को 35 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## बीएफआई मामलों के लिए अंतरिम समिति गठित




**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मामलों की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति का गठन किया है, ताकि प्रशासनिक निरंतरता और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह को पत्र लिखकर छह सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जानकारी दी है। अजय सिंह समिति की अध्यक्षता करेंगे। वह इस पद पर '90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए नहीं रहेंगे'। छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी शामिल हैं।

### हमेशा से पता था कि प्रियांश विशेष है



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर और दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य को 'इस समय देश के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक' करार दिया। कहा कि उचित क्रिकेट शॉट के माध्यम से तेजी से रन बनाने की उनकी क्षमता उन्हें दूसरे खिलाड़ियों से अलग बनाती है। इक्कीस साल के प्रियांश ने मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के लिए शानदार शतक लगाया। घरेलू सर्किट में प्रभावित करने के बाद नीलामी में तीन करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदे गए प्रियांश ने अपने चौथे आईपीएल मैच में ही 103 रन की तूफानी पारी खेली।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप



#### मैक्सवेल पर 25 फीसदी जुर्माना, डिमेरिट अंक भी

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। छत्तीस वर्ष के मैक्सवेल ने धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान साजोसामान को नुकसान पहुंचाने के संबंध में है। बीसीसीआई ने एक ईमेल में कहा, पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

#### दीक्षा-प्रणवी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर जोबर्ग ओपन गोल्फ में शीर्ष-10 में जगह बनाने के बाद बृहस्पतिवार से यहां होने वाले दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में अपनी शानदार लय को बरकरार रखना चाहेंगी। दीक्षा के साथ इस प्रतियोगिता में भारत की चार अन्य खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगी जिसमें प्रणवी उर्स, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और रिया पूर्वी शामिल है। साल 2019 की चैम्पियन दीक्षा के पास इस टूर्नामेंट से जुड़ी अच्छी यादें है।

#### बेहतर हुई बल्लेबाजी पर सत्र निराशाजनक



**मुल्लांपुर।** शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को रन बनाते देख चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने राहत की सांस ली लेकिन लगातार चार हार के बाद उन्हें लगता है कि आईपीएल का यह सत्र टीम के लिए निराशाजनक है। पंजाब किंग्स से मिले 220 रन के लक्ष्य के जवाब में चेन्नई 18 रन से चूक गई। फ्लेमिंग ने कहा, 'अब तक यह सत्र निराशाजनक रहा है। कैचिंग खराब रही है लेकिन वह दोनों टीमों की ही खराब थी। लाइट के साथ कुछ दिक्कत थी या क्या, पता नहीं लेकिन फील्डिंग चिंता का विषय है।'

## आईपीएल : सुदर्शन की धमाकेदार फिफ्टी के बाद कृष्णा ने किए तीन शिकार

टाइटंस पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ आठ अंक लेकर शीर्ष स्थान पर

# गुजरात की बादशाहत, जीत का चौका टाइटंस ने रायल्स को 58 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटन्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 58 रन से हराकर लगातार चौथी जीत हासिल की। गुजरात टाइटन्स इस जीत से आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। साई सुदर्शन की 82 रन की पारी से गुजरात टाइटन्स छह विकेट पर 217 रन बनाने में सफल रही। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। साई सुदर्शन का यह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ स्कोर और तीसरा अर्धशतक है। गुजरात टाइटन्स के लिए जोस बटलर और एम शाहरुख खान ने 36-36 रन जबकि राहुल तेवतिया ने नाबाद 24 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा। शिमरोन हेटमायर के अर्धशतक बेकार गया। उसके सिर्फ तीन बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें हेटमायर के अलावा कप्तान संजू सैमसन ने 41 रन और रियान पराग ने 26 रन बनाए।



### कृष्णा ने झटके तीन विकेट

गुजरात टाइटन्स के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने सैमसन की पारी का अंत किया जो आक्रामक होकर खेल रहे थे। उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। राशिद खान ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए। साई किशोर ने 2.2 ओवर में 20 रन देकर दो विकेट जबकि मोहम्मद सिराज, अरशद खान और कुलवंत खेजरोलिया ने एक एक विकेट प्राप्त किया।

### हेटमायर ने लगाया अर्धशतक

कप्तान संजू सैमसन फिफ्टी लगाने से चूक गए। उन्होंने 28 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। बतौर इम्पैक्ट प्लेयर आए शुभम दुबे 1 रन ही बना सके। जोफ्रा आर्चर ने 4 रन बनाए। शिमरोन हेटमायर ने जीत का प्रयास किया, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। हेटमायर ने 32 गेंदों पर 52 रन जड़ दिए।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का सैमसन बो देशपांडे | 82 | 53 | 8 | 3 |
| शुभमन गिल बो आर्चर | 02 | 03 | 0 | 0 |
| बटलर पगबाधा बो तीक्ष्णा | 36 | 25 | 5 | 0 |
| शाहरुख स्ट सैमसन बो तीक्ष्णा | 36 | 20 | 4 | 2 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो संदीप | 07 | 03 | 0 | 1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 24 | 12 | 2 | 2 |
| राशिद का जायसवाल बो देशपांडे | 12 | 04 | 1 | 1 |
| अरशद खान नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 20 ओवर में 217/6
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-30-1, फारुकी 4-0-38-0, देशपांडे 4-0-53-2, संदीप 4-0-41-1, तीक्ष्णा 4-0-54-2.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का राशिद बो अरशद | 06 | 07 | 1 | 0 |
| संजू का साई किशोर बो कृष्णा | 41 | 28 | 4 | 2 |
| राणा का खेजरोलिया बो सिराज | 01 | 03 | 0 | 0 |
| पराग का बटलर बो खेजरोलिया | 26 | 14 | 1 | 3 |
| जुरेल का साई सुदर्शन बो राशिद | 05 | 04 | 1 | 0 |
| हेटमायर का किशोर बो कृष्णा | 52 | 32 | 4 | 3 |
| शुभम दूबे पगबाधा बो राशिद | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर का गिल बो कृष्णा | 04 | 04 | 0 | 0 |
| तीक्ष्णा का सुदर्शन बो किशोर | 05 | 13 | 0 | 0 |
| देशपांडे का राशिद बो किशोर | 03 | 03 | 0 | 0 |
| संदीप शर्मा नाबाद | 06 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 19.2 ओवर में 159/10
गेंदबाजी : सिराज 4-0-30-1, अरशद 2-0-19-1, कृष्णा 4-0-24-3, खेजरोलिया 3-0-29-1, राशिद 4-0-37-2, किशोर 2.2-0-20-2.

### बेंगलुरु और दिल्ली में आज होगा महामुकाबला

**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुरुवार को आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा तो सभी की नजरें विराट कोहली और मिचेल स्टार्क की टक्कर पर लगी होंगी। दिल्ली ने अब तक तीनों मैच जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में से तीन मैच में जीत दर्ज की है। दोनों टीमें हालात और विरोधी टीम के अनुकूल खुद को ढालने में कामयाब



रहीं हैं। विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है।

निशानेबाजी

## विजयवीर को स्वर्ण, आर्य-रुद्रांक्ष को मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत




एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके विजयवीर सिद्धू ने यहां पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा में बुधवार को यहां शीर्ष स्थान हासिल कर आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

विजयवीर ने कम स्कोर वाले लेकिन रोमांचक फाइनल में 29 अंक हासिल किए। उन्होंने इटली के अनुभवी रिकार्डो माजेटी को पीछे छोड़ा। माजेटी पांच रैपिड-फायर की आठ सीरीज के बाद एक अंक से चूक गए। चीन के 19 साल के निशानेबाज यांग युहाओ ने कांस्य पदक जीता। विजयवीर ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'मैंने गुरप्रीत सर, अनीश और अन्य लोगों के साथ पहले भी कई फाइनल खेले हैं। इसमें राष्ट्रीय, ट्रायल आदि शामिल हैं और मैंने इन सब में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए आज मैंने खुद से कहा कि मुझे वही करना है जो मैं वहां करता हूं। यानी मुझे यह महसूस करना है कि मैं यहां भी दिल्ली जैसा प्रदर्शन कर सकता हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं वैसा ही महसूस करूं। मेरा ध्यान उन चीजों को नियंत्रित करना था जो मेरी पहुंच में है और यह काम कर गया।' इससे पहले मंगलवार को सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के अब चार स्वर्ण सहित छह पदक हो गए हैं।

### रुद्रांक्ष और आर्य रहे दूसरे स्थान पर

भारतीय निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल और आर्य बोरसे ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत एक का प्रतिनिधित्व करते हुए रुद्राक्ष और आर्य की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में मैच में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक जीता। जिफेई वैंग और बुहान सोंग की चीन की जोड़ी ने कुल 17 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रुद्रांक्ष और आर्य कुल 630.5 के साथ क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि बबूता और राजू ने 629.6 के कुल स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य के साथ भारत अब पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है जिसके पास दो कांस्य अधिक हैं।

### शीर्ष वरीय ज्वेरेव मोंटे कार्लो के दूसरे दौर में बेरेतिनी से हारे

**मोनाको।** दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस के दूसरे दौर में इटली के मातेओ बेरेतिनी ने 2-6, 6-3, 7-5 से हरा दिया। अब बेरेतिनी का सामना जिरि लेहेका या 13वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेत्ती से होगा। आखिरी बार इटली के नाम यह खिताब 2019 में फेबियो फोगनिनी ने किया था। अन्य मुकाबलों में तीन बार के चैंपियन यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास ने आस्ट्रेलिया के जोर्डन थॉम्पसन को 4-6, 6-4, 6-2 से मात दी। वहीं अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे जैक ड्रेपर ने मार्कोस जिरोन को 6-1, 6-1 से हराया। पहले दौर के मैच में डेनमार्क के होल्गर रूने 2-6, 0-3 से पिछड़ रहे थे जब नुनो बोर्गेस के खिलाफ उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा।




## जोकोविच दूसरे दौर में टेबिलो से हारे, अल्काराज की आसान जीत

एजेंसी ▶▶| मोनाको

चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को बुधवार को मोंटे कार्लोस मास्टर्स के दूसरे दौर में एलेजांद्रो टेबिलो से मिली हार के कारण अपना 100वां करियर खिताब जीतने के लिए और इंतजार करना होगा। पिछले साल इटैलियन ओपन में जोकोविच को हराकर उलटफेर करने वाले टेबिलो ने दूसरे दौर में जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराया।

जोकोविच हाल में मियामी ओपन के फाइनल में जैकब मेन्सिक से हार गए थे। वह 25 मई को फ्रेंच ओपन शुरू होने से ठीक पहले अगले महीने 38 साल के हो जाएंगे। फ्रेंच ओपन के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने क्लेकोर्ट सत्र की शुरुआत दूसरे दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 3-6, 6-0, 6-1 से जीत हासिल करके की। दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज को मियामी ओपन में पहले मैच में बेल्जियम के



अनुभवी खिलाड़ी डेविड गॉफिन से हार का सामना करना पड़ा था।

### अर्जुन ने फ्रीस्टाइल टूर्नामेंट में नाकामुरा से ड्रा खेला

**पेरिस।** दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी भारत के अर्जुन एरिगैसी ने बुधवार को यहां फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले गेम में संयुक्त राज्य अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के खिलाफ ड्रा खेला। रैपिड वर्ग में चौथे स्थान पर रहने वाले अर्जुन को नाकामुरा को अपना प्रतिद्वंद्वी चुनना पड़ा क्योंकि अंतिम आठ स्थान में वही एकमात्र खिलाड़ी बचे थे। रूस के इयान नेपोमनियाचची ने जर्मनी के विंसेंट कीमर से ड्रा खेला। विश्व चैंपियन डी गुकेश को नौ से 12 स्थान के प्ले-ऑफ में हंगरी के रिचर्ड रैपॉर्ट के हाथों हार का सामना करना पड़ा। दो भारतीयों के बीच मुकाबले में विदित गुजराती को आर प्रज्ञानानंदा से हार मिली।

18 साल में बल्लेबाजी को लेकर आरसीबी के कोहली ने दिया बयान

# मैंने कभी किसी को पीछे छोड़ने की कोशिश नहीं की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल 2025 में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली चार मैचों में दो अर्धशतक लगा चुके हैं। आरसीबी का सामना अब गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होना है। कोहली ने मैच से पहले पिछले कुछ सप्ताह में उनका करियर कैसा रहा है इस पर बात की है। उन्होंने कहा कि टीम उन्हें जो भूमिका देती है वो उसे पूरा करने की कोशिश करते हैं।

कोहली ने आईपीएल के 18वें सीजन से पहले चैंपियंस ट्रॉफी में कुछ अच्छी पारियां खेली थी। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 84 रन बनाए थे। अपनी बल्लेबाजी पर बात करते हुए कोहली ने कहा कि उन्होंने कभी किसी को पीछे छोड़ने की



कोशिश नहीं की है। कोहली ने स्वीकार किया कि आईपीएल में 18 साल बिताने से उन्हें क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपने कौशल को निखारने में मदद मिली। कोहली ने कहा, बल्लेबाजी कभी अहंकार के बारे में नहीं है। यह कभी किसी को मात देने की कोशिश नहीं है। मेरे लिए यह हमेशा खेल की स्थिति को समझने के बारे में रहा है। यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे हमेशा गर्व है। मैं परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहता हूं। अगर मैं लय में होता हूं तो मैं स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारी उठाने की पहल करता हूं। अगर कोई और बेहतर तरीके से खेल रहा होता है तो वह ऐसा करता है। आरसीबी के साथ अपने पहले तीन वर्षों में मुझे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने के मौके नहीं मिले। मुझे आमतौर पर निचले क्रम में भेजा जाता था। ऐसे में मैं उस दौरान आईपीएल में बड़े पैमाने पर सफल नहीं हो पाया।

### आईपीएल से टी20 कौशल निखरा

कोहली ने कहा, मैंने साल 2010 से अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किया और 2011 से नियमित तौर पर तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने लगा। तब से मैंने निरंतरता के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल आपको बहुत ही अनोखे तरीके से चुनौती देता है क्योंकि इस लीग की संरचना काफी अगल है। यह एक छोटी द्विपक्षीय सीरीज की तरह नहीं है, यह कई हफ्तों तक चलता है और अंक तालिका में आपकी स्थिति बदलती रहती है। लगातार बदलते परिदृश्य से अलग-अलग तरह के दबाव आते हैं। टूर्नामेंट से आपको मानसिक और प्रतिस्पर्धी रूप से कई तरीकों से आगे बढ़ाने की चुनौती मिलती है जो अन्य प्रारूपों में नहीं होती। इसने मुझे अपने टी20 कौशल को लगातार सुधारने और विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com